दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-86 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 15 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

लोकतंत्र केवल वोट देने का अधिकार नहीं, बल्कि सही व्यक्ति को चुनने की जिम्मेदारी भी है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## ग्राम स्वराज या जाति का रण? पंचायत चुनावों के आईने में गांव की सियासत

राजस्थान में पंचायत राज चुनावों की आहट के साथ ही गांवों की फिज़ा बदलने लगी है। चौपालों पर चर्चा, गलियों में समूह, खेत-खलिहानों के बीच रणनीतियां—लोकतंत्र का उत्सव अपने पारंपरिक रूप में दिखाई देता है। लेकिन इस उत्सव के भीतर एक कड़वी सच्चाई भी सिर उठाती है। विकास की योजनाओं और ग्राम स्वराज के सपनों की जगह जाति, धर्म, क्षेत्र और गोत्र की खींचतान हावी होने लगती है। योग्यता और इंसानियत कोने में सिमट जाती है, और वर्चस्व की राजनीति केंद्र में आ बैठती है। यहां मैं बलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।हर चुनाव में यह उम्मीद जगती है कि इस बार गांव का नेतृत्व ऐसे हाथों में जाएगा जो शिक्षा, पारदर्शिता और दूरदृष्टि के साथ पंचायत चलाएंगे। लेकिन वास्तविकता अक्सर अलग तस्वीर पेश करती है। उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि या विकास दृष्टि से ज्यादा चर्चा इस बात की होती है कि वह किस खाप से है, किस बिरादरी का समर्थन उसे मिलेगा, और कौन-सा गुट किसके खिलाफ लामबंद है। खानदान की प्रतिष्ठा, पुरानी रंजिशें और खेत की मेड़ पर हुए विवाद तक चुनावी मुद्दा बन जाते हैं। ऐसे माहौल में ग्राम पंचायत विकास योजना केवल कागज़ों तक सीमित रह जाती है।

चुनावी सरगर्मियों के बीच एक और प्रवृत्ति तेजी से उभरती है—शराब, कबाब और दबाव की राजनीति। गांव की गलियों में विकास की बहस कम और दावतों का दौर ज्यादा चलता है। सच्चे और सजग लोग किनारे हो जाते हैं, जबकि आदतन शोर मचाने वाले चेहरे 'स्टार प्रचारक' बनकर उभरते हैं। पंचायत की नीति-निर्धारण में भी वही लोग सलाहकार की भूमिका में दिखने लगते हैं। परिणामस्वरूप निर्णय विकास की जरूरतों पर नहीं, बल्कि गुटबाजी और निजी हितों पर आधारित होते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पंचायत चुनाव में खर्च की होड़ बढ़ती जा रही है। अनाप-शनाप खर्च, दिखावे और दबाव की संस्कृति ने लोकतंत्र को महंगा बना दिया है। हारने वाले उम्मीदवार को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है, और जीतने वाला अक्सर उस खर्च की भरपाई के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने के प्रलोभन में फंस जाता है। ग्राम विकास के नाम पर हेराफेरी, ठेकेदारी और संसाधनों की बंदरबांट की आशंका बढ़ जाती है। यह स्थिति न केवल गांव के भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को भी कमजोर करती है। समय बदल चुका है। आज पंचायत का संचालन केवल कागज़ी कार्यवाही तक सीमित नहीं है। आईटी आधारित प्रणालियाँ, ऑनलाइन पोर्टल, तकनीकी रिपोर्टिंग और पारदर्शिता की नई व्यवस्थाएँ ग्राम स्तर तक पहुंच चुकी हैं। जब हर कार्य तकनीकी माध्यम से संचालित हो रहा है, तब नेतृत्व में न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और प्रशासनिक समझ की आवश्यकता पर गंभीर विचार होना चाहिए। क्या यह उचित नहीं कि जिस पद पर विकास योजनाओं का क्रियान्वयन, बजट का प्रबंधन और तकनीकी प्रक्रियाओं का संचालन होता है, वहां शिक्षा और दक्षता को प्राथमिकता दी जाए? ग्राम स्वराज का सपना तभी साकार होगा जब पंचायत चुनाव जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर स्थानीय मुद्दों और विकास की ठोस योजनाओं पर लड़े जाएँ। पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पारदर्शिता जैसे विषय केंद्र में हों। गांव की सरकार चुनते समय मतदाता यह सोचें कि उम्मीदवार का दृष्टिकोण क्या है, उसकी ईमानदारी कितनी है और वह समाज को जोड़ने की क्षमता रखता है या नहीं।

यह भी आवश्यक है कि गांव के सजग और शिक्षित लोग आगे आएं। केवल आलोचना से परिवर्तन संभव नहीं। लोकतंत्र के हिमायती यदि चुनावी खर्च और गलत परंपराओं पर अंकुश लगाने की पहल नहीं करेंगे, तो असक्षम और अवसरवादी तत्व ही मैदान में छाए रहेंगे। पंचायत केवल सत्ता का पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का दायित्व है। इसे व्यक्तिगत प्रतिष्ठा या प्रतिशोध का मंच नहीं बनने देना चाहिए। आज जरूरत है सामूहिक आत्ममंथन की। क्या हम सचमुच भारतीय संविधान और लोकतंत्र के समर्थक हैं, या फिर अनजाने में उसके मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं? क्या हम ग्राम स्वराज की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, या जातिवाद और क्षेत्रवाद के दलदल में फंस रहे हैं? गांव का विकास ही राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। यदि पंचायतें मजबूत और पारदर्शी होंगी, तो ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसलिए इस चुनावी मौसम में फैसला केवल उम्मीदवार का नहीं, बल्कि गांव के भविष्य का है। सोच-समझकर, स्वाभिमान और जिम्मेदारी के साथ चुना गया नेतृत्व ही ग्राम स्वराज को वास्तविक अर्थों में जीवंत कर सकता है।

# शिक्षा के नए युग की शुरुआत: एमजी ग्लोबल स्कूल का शानदार उद्घाटन, सितारों से सजा मंच

## गांव-गांव में शिक्षा की क्रांति का संदेश: एमजी ग्लोबल स्कूल का भव्य आगाज़

**भीम प्रज्ञा न्यूज.गुढ़ागौड़जी।**



एमजी ग्लोबल स्कूल के भव्य उद्घाटन समारोह एवं टैलेंट हंट सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को अत्यंत उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, प्रख्यात अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग तथा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती मुंगेश्वरी देवी की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुआ। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विद्यालय परिसर में स्थापित उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था और विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### शिक्षा और कला का समन्वय - हेमा मालिनी

अपने संबोधन में हेमा मालिनी ने शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

### अन्य गणमान्य अतिथि भी रहें उपस्थित

इस अवसर पर ओसियां विधायक भेरा राम सियोल, विधायक भगवान राम सैनी, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक रणबीर सिंह गुढ़ा तथा भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### जब शिक्षा मंच पर उतरे दिग्गज: एमजी ग्लोबल स्कूल उद्घाटन बना ऐतिहासिक आयोजन










### 'हर गांव में हो एमजी ग्लोबल जैसा स्कूल' - डिप्टी सीएम

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में विद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग सिस्टम और सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि एमजी ग्लोबल जैसे विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त विद्यालय प्रत्येक गांव में स्थापित हो जाएं, तो ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और वे देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी।

### 'नेवर गिव अप '- सहवाग का प्रेरक संदेश

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है—कभी हार न मानना। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उनके ओजस्वी और प्रेरणादायक शब्दों ने उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

### विज़न की सराहना- रोहन गुप्ता

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने विद्यालय के दूरदर्शी विज़न की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के शैक्षिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यालय परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### प्रतिभाओं का भव्य सम्मान

समारोह के दौरान आयोजित 'टैलेंट हंट' परीक्षा के टॉप रैंकर्स को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट, एआई स्पीकर, स्मार्टवॉच एवं लाखों रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और गर्व स्पष्ट दिखाई दे रहा था। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की।

### स्मृति चिन्ह देकर किया आभार व्यक्त

कार्यक्रम के समापन पर एमजी ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरि सिंह गोदारा एवं डायरेक्टर डॉ. प्रतिभा ने सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ का भी हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। भव्य आयोजन, प्रेरक उद्बोधन और प्रतिभाओं के सम्मान के साथ एमजी ग्लोबल स्कूल का यह उद्घाटन समारोह क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

## रैफल्स विश्वविद्यालय में संस्थापक स्मृति दिवस और वीकेजी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का समापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना में संस्थापक श्री विनोद कुमार गोम्बर की पावन स्मृति में संस्थापक स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 12 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित वीकेजी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जस्टिस मीना वी. गोम्बर, अध्यक्ष, गोम्बर एजुकेशन फाउंडेशन ने शिक्षा एवं शारीरिक सुदृढ़ता के संतुलन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि श्री धर्मपाल चौधरी ने विश्वविद्यालय द्वारा खेलों एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। माननीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर. एस. सांगवान ने विद्यार्थियों की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी और ऊर्जावान कार्यक्रमों के आयोजन की कामना की। कुलसचिव डॉ. संजय सक्सेना एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजपाल कोसालिया ने आयोजन समिति, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स (रेस, शॉट पुट, लॉन्ग जंप) एवं रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बास्केटबॉल में स्कूल ऑफ़ लॉ की टीम विजयी रही, क्रिकेट में फार्मेसी टीम विजयी रही, वॉलीबॉल में इंजीनियरिंग की टीम विजयी रही, बैडमिंटन में लड़कियों में नैंसी और लड़को में रजत विजयी रहा, शॉट पुट में मेघा और जीवन विजयी रहे, रेस में मोचिन विजयी रहा, रस्साकसी में लॉ के विद्यार्थी विजयी रहे, कबड्डी में खंडोडा से आयी लड़कियों की टीम विजयी रही, रायपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गरिमा जोड़ते हुए संस्थापक की स्मृति में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।




## विदाई समारोह में भावुक हुए विद्यार्थी, अतिथियों ने बांटी सीख और सौगात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नगर पालिका के मिडिल स्कूल जनकसिंहपुरा में शनिवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और यादगार बना दिया। शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन और मेहनत को अपनाने की सीख दी। समारोह के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर प्रोत्साहित किया। पार्षद कर्मपाल ने सभी बच्चों को पानी की बोतल भेंट करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता के रूप में एक्स सर्विसमैन सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता धर्मपाल चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने बच्चों को देशभक्ति, ईमानदारी और कड़ी मेहनत को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, सत्यनारायण मास्टर, अशोक सैनी, पूर्व प्रधानाध्यापक रविकांत शर्मा, सतीश पार्षद, एडवोकेट रविंद्र सांमरिया, नगर उपाध्यक्ष महावीर चर्खिया, प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद, अध्यापक राजेश चोपडा सहित विद्यालय स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों का आभार जताया।




## उड़ान सैनिक एकेडमी के रजत राठी ने गाड़े सफलता के झंडे

### राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में चयन पर शहर में निकला भव्य विजय जुलूस

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान उड़ान सैनिक एकेडमी एण्ड किड्स स्कूल, चिड़ावा के होनहार छात्र रजत राठी ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (रम्स) की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रजत राठी (पुत्र संजू - रमेश राठी) की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूरे शहर में भारी उत्साह देखा गया। चयन के उपलक्ष्य में एकेडमी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के बाद एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। पिलानी बाईपास स्थित उड़ान एकेडमी से शुरू हुआ यह जुलूस डीजे पर गूंजती देशभक्ति की धुनों के बीच शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा। सूरजगढ़ बाईपास, अड़ूका, लाखू, इंडस्ट्रियल एरिया, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार, कबूतर खाना और मन्ड्रेला मोड़ होते हुए यह जुलूस पुनः संस्थान पहुँचा। संस्था डायरेक्टर वीरेंद्र पायल ने बताया कि रजत की यह सफलता कड़ी मेहनत और सटीक मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रबंधक अनिल बराला एवं एकेडमिक हेड रजनी बराला ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्टाफ के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर सुभाष जांगिड़, अंकित झाझडिया, बालमुकुंद, नीलम, रौनक, पूजा, सुचित्रा, बाबूलाल, विराट राजपुरोहित, अंकित, सुखबीर, बबलू खान सहित बड़ी संख्या में स्टाफ , विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।








# काले चने गुड़ के साथ खाने से एनीमिया जल्द खत्म हो जाता है

खून में हीमोग्लोबिन या रेड ब्लड सेल्स की कमी को एनीमिया कहते हैं। कई बार शरीर रेड ब्लड सेल्स या हीमोग्लोबिन बना नहीं पाता और कई बार ज्यादा खून बह जाने से शरीर में इनकी कमी हो जाती है। एनीमिया को एक तरह की बीमारी माना जाता है। ये बीमारी ज्यादातर महिलाओ को होती है और उनमें इसकी एक मुख्य वजह मासिक धर्म होता है। आमतौर पर पुरुषों में 100 मिली ग्राम खून में 13.5 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन और महिलाओं में 100 मिली ग्राम खून में 12 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन हो तो इसे एनीमिया की स्थिति कहते हैं। कई बार एनीमिया के मरीजों में बाहर से कोई लक्षण नहीं नजर आते या हल्के-फुल्के लक्षण नजर आते हैं जिन्हें लोग नजरअंदाज कर देते हैं। खून की सीबीसी जांच द्वारा इस बीमारी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

### एनीमिया का कारण

एनीमिया का सबसे बड़ा कारण शरीर में आयरन की कमी है। एक सामान्य व्यक्ति के शरीर में 3-5 ग्राम आयरन होता है। शरीर में इसकी मात्रा कम होने पर खून कम बन पाता है और एनीमिया हो जाता है। कई बार ज्यादा मात्रा में खून बह जाना भी एनीमिया का कारण बनता है। इसके अलावा शरीर में कैल्शियम की अधिकता से भी एनीमिया हो सकता है इसलिए कैल्शियम वाले खाद्य पदार्थों का बहुत अधिक सेवन भी शरीर के लिए खतरनाक है।

### एनीमिया से बचाव

एनीमिया से बचाव के लिए आपको अपनी जीवनशैली में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ेगा। एनीमिया मुख्यत: शरीर में खून की कमी ही है इसलिए इससे बचाव के लिए ऐसे आहार का सेवन करना चाहिए जिससे शरीर में खून की मात्रा बढ़े जैसे- चुकंदर, गाजर, पालक, टमाटर, बथुआ और अन्य हरी सब्जियां। के साथ-साथ काले चने और गुड़ में भी आयरन भरपूर होता है। रोजाना सुबह भीगे हुए काले चने गुड़ के साथ खाने से एनीमिया जल्द खत्म हो जाता है। इसके अलावा अगर आप सब्जी बनाने के लिए लोहे की कड़ाही का इस्तेमाल करते हैं तो इससे भी शरीर में आयरन की कमी दूर होती है। शरीर में आयरन की ज्यादा कमी होने पर आप चिकित्सक की सलाह से आयरन की गोलियां भी ले सकते हैं।

### एनीमिया के लक्षण

काम के दौरान जल्दी थक जाना
दिनभर कमजोरी महसूस होना
त्वचा पीली पड़ना
सीढ़ी चढ़ते हुए चक्कर आ जाना
सीने और सिर में दर्द होना
तलवों और हथेलियों का ठंडा हो जाना

# सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है किशमिश का पानी



किशमिश के पानी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। इससे पेट की एक-दो नहीं बल्कि कई बीमारियां दूर हो जाती है। किशमिश में मौजूद तत्व शरीर की पूरी गंदगी को बाहर निकाल देते हैं और इससे आपका पेट पूरी तरह साफ हो जाता है और कब्ज, गैस आदि की दिक्कत नहीं होती है। सुबह खाली पेट पानी पीने से शरीर को कई तरह के फायदे होते हैं, लेकिन किशमिश का पानी सेहत के लिए और भी फायदेमंद होता है। किशमिश में कुछ ऐसे गुण होते हैं जो कि पानी के साथ मिलकर ज्यादा असरदार हो जाते हैं। इसके लिए रात के समय एक गिलास पानी में 8 से 10 किशमिश भिगोकर रख दें और सुबह इसे अच्छी तरह पीस लें। अगली सुबह किशमिश छान कर पानी को पीने लायक गरम करें और इसे खाली पेट पिएं। किशमिश का पानी पीने के बाद 30 से 35 मिनट तक इंतजार करें और फिर नाश्ता करें। किशमिश का पानी लीवर में बायोकैमिकल प्रोसेस शुरु करता है, जिससे खून तेजी साफ से होने लगता है। इसके अलावा किशमिश में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए इसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। किशमिश में प्राकृतिक शुगर भी प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। किशमिश का पानी पीने के और भी फायदे।

दांतों के लिए : किशमिश में ऑलियानॉलिक एसिड होता है जो कि फाइटोकेमिकल्स में से एक है और यह दांतों को केविटी और कई दिक्कतों से बचाता है। साथ ही किशमिश दांतों में बैक्टिरिया फैलने से रोकता है और दांतो को सुरक्षित रखता है। इसमें केल्शियम की मात्रा बहुत अधिक होती है और यह आपके दांतो को टूटने से बचाता है।

स्किन के लिए : किशमिश के पानी में फ्लेवेनॉइड्स एंटी ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्किन पर होने वाली झुर्रियों को तेजी से कम करने में सहायक है। यह बढ़ती उम्र के निशान को कम कर आपको जवां दिखने में मदद करता है।

सांसों की बदबू के लिए : किशमिश में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इससे बैक्टीरिया से लड़ने में सहायता मिलती है और मुंह से आने वाली बदबू दूर होती है। इसके अलावा इसका उपयोग कई हेल्थ टॉनिक में भी किया जाता है।

पेट संबंधी रोगों के लिए : किशमिश के पानी से पेट की एक-दो नहीं बल्कि कई बीमारियां दूर हो जाती है। किशमिश में मौजूद तत्व शरीर की पूरी गंदगी को बाहर निकाल देते हैं और इससे आपका पेट पूरी तरह साफ हो जाता है और कब्ज, गैस आदि की दिक्कत नहीं होती है। साथ ही इसके नियमित सेवन से थकान भी दूर रहती है और पाचन तंत्र मजबूत होता है।

हार्ट प्रॉब्लम के लिए : हर रोज किशमिश का पानी उन लोगों के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है जो अधिक कोलेस्ट्रॉल लेवल की वजह से परेशान हैं और उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दरअसल किशमिश का पानी शरीर में ट्राईग्लिसेराइड्स के स्तर को कम करने में मददगार है। इससे आपके शरीर में हर्ट संबंधी बीमारियां होने का खतरा कम हो जाता है।

आंखों के लिए : किशमिश में पॉलीफेनॉलिक फायटोन्यूट्रिंस होते हैं जो कि एंटी ऑक्सिडेंट होते हैं और यह आंखों की आई साइड को ठीक रखने में मदद करती है। इसमें कई तरह के एंटी बॉयटिक और एंटी ऑक्सीडेंट फिनॉलिक पायथोन्यूट्रियंट तत्व होते हैं जो कि बुखार को भी ठीक कर देते हैं।



# संक्रमण से होती है आंखें लाल

आंख लाल होने की समस्या तब होती है जब आंख की सतह पर मौजूद रक्त वाहिकाएं फैलती हैं या चौड़ी होती हैं। ऐसा तब होता है जब आपकी आंख में कोई बाहरी चीज चली जाती है या कोई संक्रमण होता है। आंख आमतौर पर कुछ समय के लिए लाल हो जाती हैं। इसके साथ आंख में दर्द, आंखों में खुजली, रिसाव, आंखों की सूजन और धुंधला दिखना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आंख लाल होने में या तो आंखों का पूरा सफेद हिस्सा लाल दिखने लगता है या कुछ रक्त वाहिकाएं सूज कर लाल हो जाती हैं। अगर आपकी आंख ठीक नहीं होती और लाली बढ़ती है, तो अपने डॉक्टर के पास जाएं।

### लक्षण

आंख में खुजली होना
आंख से ज्यादा आंसू आना
आंख से रिसाव होना
प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता
धुंधला दिखना
नजर कमजोर होना
एक या दोनों आंखों में किरकिराहट महसूस होना
देखने या पढ़ने के बाद असहजता महसूस होना

### कारण

इन कारणों से लाल होती हैं आंखें
सूखे बाल
मिट्टी
ऐलर्जी
ऐसी स्थिति में डॉक्टर को दिखाएं
आंख में हाल ही में चोट लगी है
अगर आप नजर में बदलाव, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, तेज सिरदर्द जैसे लक्षण अनुभव कर रहे हों।
ज्यादा दर्द हो रहा हो।
सिर पर चोट लगी हो।
किसी रसायन से आंख में चोट पहुंची हो

### बचाव


आंखों को न मलें। आंखें मलने से इंफेक्शन व ऐलर्जी करने वाले बैक्टीरिया चले जाते हैं।

जोर से आंख मलने से कॉर्निया में खरोंच और सबकन्जंक्टिवाईटल हेमरेज हो सकता है।


धुएं, भाप, पराग, मिट्टी और क्लोरीन जैसे उत्तेजक पदार्थो से दूर रहें।

अपने कॉन्टैक्ट लेंस की सही से देखभाल करें।

कॉन्टैक्ट लेंस को ज्यादा समय तक न पहनें और इन्हें पहन कर न सोएं।



# युवाओं में तनाव से बढ़ रहे हृदयाघात के मामले



भारतीय युवाओं में हृदयाघात की समस्या बढ़ती जा रही है और यदि इस समस्या पर रोक के उपाय नहीं किए गए तो यह महामारी का रूप ले कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार हृदय रोग की महामारी को रोकने का एकमात्र तरीका लोगों को शिक्षित करना है।

आम तौर पर दिल के दौरे का संबंध पहले बुढ़ापे से माना जाता था।लेकिन अब अधिकतर लोग उम्र के दूसरे, तीसरे और चौथे दशक के दौरान ही दिल की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। आधुनिक जीवन के बढ़ते तनाव ने युवाओं में दिल की बीमारियों के खतरे पैदा कर दिया है हालांकि अनुवांशिक और पारिवारिक इतिहास अब भी सबसे आम और अनियंत्रित जोखिम कारक बना हुआ है, लेकिन युवा पीढ़ी में अधिकतर हृदय रोग का कारण अत्यधिक तनाव और लगातार लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ अनियमित नींद पैटर्न है। धूम्रपान और आराम तलब जीवनशैली भी 20 से 30 साल के आयु वर्ग के लोगों में इसके जोखिम को बढ़ा रही है।

### ओपन हार्ट सर्जरी के मामले बढ़े

देश में हृदय अस्पतालों में दो लाख से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है और इसमें सालाना 25 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।यह सर्जरी केवल तात्कालिक लाभ के लिए होती है। हृदय रोग के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए लोगों को हृदय रोग और इसके जोखिम कारकों के बारे में अवगत कराना महत्वपूर्ण है।

कोरोनरी हृदय रोग ठीक नहीं हो सकता है, लेकिन इसके इलाज से लक्षणों का प्रबंधन करने, दिल की कार्यप्रणाली में सुधार करने और दिल के दौरे जैसी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए जीवनशैली में परिवर्तन, दवाएं और नॉन-इंवैसिव उपचार शामिल हैं। अधिक गंभीर मामलों में इंवैसिव और शल्य चिकित्सा उपचार की आवश्यकता होती है।

### समान लक्षण नहीं होते

सभी हृदय रोगियों में समान लक्षण नहीं होते हैं और एंजाइना छाती का दर्द इसका सबसे आम लक्षण नहीं है। कुछ लोगों को अपच की तरह असहज महसूस हो सकता है और कुछ मामलों में गंभीर दर्द, भारीपन या जकड़न हो सकता है। आमतौर पर दर्द छाती के बीच में महसूस होता है, जो बाहों, गर्दन, जबड़े और यहां तक कि पेट तक फैलता है, और साथ ही धड़कन का बढ़ना और सांस लेने में समस्या होती है।

अगर धमनियां पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती हैं, तो दिल का दौरा पड़ सकता है, जो हृदय की मांसपेशियों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है। दिल के दौरे में होने वाले दर्द में पसीना आना, चक्कर आना, मतली और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

# टोहाना विश्राम गृह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का किया गया भव्य स्वागत

## कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग की महत्वपूर्ण बैठक

### कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** टोहाना के विश्राम गृह में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यकर्ताओं एवं आमजन द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया गया।?कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर परिस्थिति में मैदान में डटकर आमजन की सेवा के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बीच आकर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की जाएगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु प्रभावी नीतियों एवं योजनाओं को लागू किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में लगातार नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल सके और विकास का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने टोहाना विधानसभा के प्रभारी के रूप में कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए संगठन और सरकार मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि कैबिनेट मंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र गति मिलेगी और जनता की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा संगठन की मजबूती के साथ-साथ जनसेवा को सर्वोपरि रख रहा है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, टोहाना नगरपरिषद चेयरमैन नरेश बंसल, संजय रेवड़ी, कंवल चौधरी, रामदेव भारद्वाज, जिला महामंत्री विकास ललोदा, किरण शर्मा, रमन मंडिया, परवीन गिल, सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहें।

### पुलवामा शहादत दिवस पर झुंझुनूं में श्रद्धांजलि सभा

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने शहीदों को किया नमन, युवाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज, झुंझुनूं।**



जम्मू-कश्मीर में हुए पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर आज पूरा देश शहीद जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन कर रहा है। इसी क्रम में झुंझुनूं स्थित शहीद स्मारक पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और युवाओं ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित जनसमूह ने 'शहीद अमर रहें' के नारों के साथ वीर जवानों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने अपने संबोधन में कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को आज पूरा राष्ट्र याद कर रहा है। यह घटना देश के इतिहास की अत्यंत दुखद और झकझोर देने वाली घटना थी। ऐसे वीर सपूतों को स्मरण करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य और पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि जब भी देश की सरहद पर कोई चुनौती आती है, तब झुंझुनूं जिला, जो वीरों की भूमि के रूप में जाना जाता है, सदैव अपने शौर्य और बलिदान की परंपरा को निभाता आया है।

कार्यक्रम में युवाओं से आह्वान किया गया कि वे शहीदों के जीवन, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अनुशासन, समर्पण और देशसेवा की भावना को अपनाएं। पुष्प अर्पित कर सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के साथ अजय वर्मा, कमलेश काला रवि, सुनील सीरस्वा, राजेश गोठवाल, दिनेश, आदित्य, आश्चर्य कुमार बाजला, शोरभ, प्रीतम सहित अनेक युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

# टोहाना के बजरंग मॉडल स्कूल में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस-स्कूल डायरेक्टर विनय वर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**



**विजय रंगा ।** शनिवार को बजरंग मॉडल स्कूल टोहाना में मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाया गया। यहां पर बच्चों ने माता-पिता व गुरु जन को आसन पर बिठाकर फूल मालाएं पह बसनाकर तिलक किया, हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा अर्चना की। फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और आशीष दी। भारतीय परंपरा की इस झलक को देखकर माता-पिता सहित उपस्थित अन्य लोगों की भी आंखें गीली हो गई। कार्यक्रम में उपस्थित मान्यवारों ने श्री योग वेदांत सेवा समिति टोहाना के इस सुंदर पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। श्री योग विधान सेवा समिति के आह्वान पर 14 फरवरी को मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाने की शुरुआत 15 वर्ष पहले हुई थी। लोगों को यह कार्यक्रम इतना पसंद आया कि आज भारत ही नहीं विदेशों में भी मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाया जाने लगा है। इस कार्यक्रम का सभी धर्म के लोगों ने हृदयपूर्वक स्वागत किया है।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक व पूरे जनसमूह ने उक्त आयोजन को खूब सराहा। बच्चों ने भी वैलेंटाइन डे की बजाय अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर सम्मान करने के इस दिन को प्रत्येक साल मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक विनय वर्मा व प्रधानाचार्या अंजू वर्मा ने अपने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता के ऋण का मूल्य कभी चुकाया नहीं जा सकता है। पाश्चात्य संस्कृति का त्याग करके भारतीय संस्कृति को अपनाने के लिए कहा। इस पर विद्यालय के निदेशक विनय वर्मा ने- हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा इस प्रकार का नारा भी दिया। इस अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति अहमदाबाद व टोहाना के सदस्यों ने विचार व्यक्त किया जिसमें से इन सदस्यों ने भाग लिया। टोहाना समिति के सुरेंद्र ग्रोवर प्रधान, श्री राम कुमार, मनोहर लाल, रामकृष्ण, इंद्रभान अरोड़ा, मीना रानी और अहमदाबाद समिति के सदस्य दर्शन भाई, नरेंद्र भाई, बहन सीमा, बहन सीमा कौशिक उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और आशीर्वाद देते हुए बच्चों की सफलता की कामना की। विद्यालय के निर्देशक व प्रधानाचार्या के द्वारा अहमदाबाद समिति के सदस्य दर्शन भाई, नरेंद्र भाई ( मुख्य वक्ता), बहन सीमा और सीमा कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मंडावर में बंदरों पर बड़ा अभियान, शुक्रवार को 102 पकड़े, गलता जयपुर भेजे गए

### मंडावर शहरवासियो को राहत की आस,विधायक का जताया गया आभार।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर नगरपालिका क्षेत्र में वर्षों से जनजीवन को प्रभावित कर रहे बंदरों के आतंक पर प्रशासन ने ठोस कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया है। बुधवार 11 फरवरी से अभियान की शुरुआत के बाद एक दिन का अंतर रखते हुए शुक्रवार को पालिका द्वारा टेंडर प्राप्त फर्म की टीम ने शहर में बंदरो की धरपकड़ की और पालिका कार्यालय के समीप स्थित पुरानी राजकीय प्राइमरी स्कूल के पास पिंजरे व आवश्यक उपकरण लगाकर दोपहर तक 102 बंदरों को पकड़ा, जिन्हें वाहन से जयपुर के गलता क्षेत्र में छोड़े जाने की प्रक्रिया अपनाई गई। बंदर पकड़ने वाली टीम के संचालक अजय सिंह ने बताया कि नगर पालिका से मिले टेंडर की शर्तों के तहत एक दिन छोड़कर लगातार उन मोहल्लों और बस्तियों में अभियान चलाया जाएगा, जहां बंदरों की संख्या अधिक है और जहां-जहां पालिका के निर्देश मिलेंगे, वहां प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी दूर खड़े होकर पूरी प्रक्रिया देखते रहे और क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीना के निर्देशों पर नगरपालिका मंडावर द्वारा उठाए गए इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि लंबे समय से मंडावर पालिका क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र में बंदरों का आतंक चरम पर था, जिससे लोगों का घरों में रहना, खाना-पीना सुरक्षित नहीं रह गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि उत्पाती बंदरों के हमलों से कई बार गंभीर चोटें आई हैं, फसलों और घरेलू सामान का नुकसान हुआ है और कई जानलेवा घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ था। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि यह अभियान औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि मंडावर और आसपास के क्षेत्रों से बंदरों की संख्या प्रभावी रूप से नियंत्रित होने तक लगातार जारी रखा जाए, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा बहाल हो, जनहानि और आर्थिक नुकसान पर रोक लगे और आमजन को स्थायी राहत मिल सके।

# भाजपा नेता राजेश दहिया का हुक्मा की ढाणी में भव्य अभिनंदन

## ग्रामीणों ने 21 किलो की माला पहनाकर जताया आभार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**



पिलानी विधानसभा क्षेत्र के गाँव हुक्मा की ढाणी (स्वामी सेही) में शनिवार को भाजपा नेता राजेश दहिया का ग्रामीणों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। अवसर था बाबा गोकुलनाथ मंदिर में आयोजित 'सवामणी' कार्यक्रम का, जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। राजेश दहिया ने कल्याणों के बास को स्वामी सेही पंचायत में यथावत रखने का अपना चुनावी वादा पूरा किया, जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने दहिया का साफा पहनाकर और 21 किलो की फूलों की माला से भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि दहिया ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र के विकास और प्रशासनिक सुगमता को प्राथमिकता दी है। समारोह में युवा नेता सोमवीर लाम्बा, सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह, सुरेन्द्र भाटीया, पवन मेघवाल, राजेन्द्र मास्टर (गुढा), किशोरी लाल और चरण सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही सरपंच ईश्वर सिंह पुनिया, जनानारायण कुल्हरी, रिशालसिंह नेहरा, विजयसिंह कुल्हरी, महेन्द्रसिंह मास्टर, विकास कुल्हरी, राकेश पत्रकार, मोहनलाल मास्टर, श्रीचंद पिलानियां, सूबेसिंह पिलानिया, प्रवीण साईपवार, सुरेन्द्र (मोदी), रघुवीर नेहरा, अमरसिंह कुल्हरी, रामसिंह कुल्हरी, सहीराम साईपवार, संदीप कुल्हरी और मुकेश पिलानिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष अनिल बागड़ी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्ष्मनगढ के अध्यक्ष समाजसेवी अनिल कुमार बागड़ी के नेतृत्व में जयपुर प्रवास के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जयपुर स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात कर श्री बागड़ी की 18 फरवरी को आयोजित वैवाहिक 50वीं वर्षगांठ पर संतों के सानिध्य में आयोजित समारोह में शिरकत करने का निमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास की चर्चा परिचर्चा की तथा भामाशाहों व दानदाताओ की ओर से किए गए आर्थिक सहयोग की जानकारी दी तथा छात्रावास के निर्माण कार्य, योजना, गतिविधियों, विधार्थियों के आवास व्यवस्था, लाइब्रेरी आदि से अवगत कराते हुए को आयोजित आनंद कुमार बागड़ी स्मृति शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड समारोह व छात्रावास में प्रस्तावित महात्मा फुले की मूर्ति अनावरण का न्योता दिया। इस अवसर पर भूमि प्रदाता विनोद कुमार गौड़, प्रवक्ता मनोज राकसिया, सदस्य महावीर प्रसाद सैनी, बाबूलाल सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य साथ थे।

## 8 मार्च को होगा बलाई विकास समिति द्वारा महिलाओं का सम्मान समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया।** शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन पर बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार व महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली एवं समारोह में आने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष बद्रीनारायण परिहार व महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समारोह को सफल बनाने को लेकर समाजसेवी सुमन देवी मेहरिया, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर के सेवानिवृत उप प्रबंधक लालाराम मेहरडा, सनराइज होटल बिलौंची मैनेजर गोपीराम मेहरडा को मुख्य संयोजक एवं बैंक शाखा प्रबंधक अल्का बरी, जालसू पंचायत समिति सदस्य व एससी प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात कांग्रेस के सचिव सुनीता वर्मा, सिंगोद खुर्द पूर्व सरपंच विमला देवी सरावता, गोविंदगढ पंचायत समिति सदस्य व समाजसेवी राधेश्याम खारड़िया, समाजसेवी सायर चंद बुनकर, समिति उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, सेडूराम मेदवाल, उपमहासचिव हनुमान सहाय झांटीवाल, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनीवाल, सचिन सांवरमल छेड़वाल, सदस्य घीसालाल बबेरवाल, तुलसीराम बामणिया को सह संयोजक बनाया गया है।

# गिरावड़ी गांव के लोगों का आंदोलन जारी, ग्रामीण व प्रशासन की हुई वार्ता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



**सुमेर मीणा ।** गिरावड़ी गांव में पावर ग्रिड लाइन के लिए भैरूजी की बणी में काटने जाने वाले हजारों को बचाने के लिए गिरावड़ी गांव के लोग लगातार बीस दिन से उदयपुरवाटी एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दे रहे है। धरने के 21 दिन बड़े स्तर हुए धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की लोग पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि गिरावड़ी गांव इतिहास पुराना है। पावर ग्रिड कंपनी का कोई आदमी गांव में घुसा तो कपड़े उताकर दौड़ाएंगे। छह घंटे तक धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम, तहसीलदार के साथ सीआई धरना स्थल पर वार्ता करने के लिए पहुंचे। इस दौरान रविन्द्र भडाना ने एसडीएम सुमन सोनल से कहा कि पावर ग्रिड कंपनी वालों को हम पर छोड़ दे और आप बीच में नहीं आए या फिर कंपनी वालों को कह दे कि लाइन दूसरी तरफ शिफ्ट कर ले। गिरावड़ी के भैरूजी की बणी का एक भी पेड़ काटने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि उनकी उच्चाधिकारियों से बात हुई है। चीफ सेक्ट्री ने वार्ता करने के लिए बुलाया है। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि धरना सोमवार तक जारी रहेगा और वार्ता के बाद अगला निर्णय लिया जाएगा। धरने में जितेन्द्र सिंह गिरावड़ी, अजय तसीड़, दारासिंह, रोहिताश गुर्जर, जयंत मूंड, दारासिंह, आसकरण गुर्जर, शिवा खटाना, भोपाल गुर्जर, रमेश सैनी, सुनील सैनी, युवा नेता पंकज सैनी, बलाराम सैनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पाखर रोड पर सब्जी मंडी के पास खुला नाला बना राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जानलेवा जाल

### हर पल हादसों का डर, शिकायतों और निरीक्षण के बाद भी समाधान अधूरा।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



विकलांग राहगीर को नाला पार कराते हुये स्थानीय निवासी

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर नगरपालिका क्षेत्र में गढ़ रोड से पाखर रोड होते हुए सब्जी मंडी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर बना खुला नाला अब आमजन के लिए जानलेवा जाल बन चुका है। नाले पर लंबे समय से टूटे पड़े फेरो कवर और बिना किसी सुरक्षा जाल के खुले पड़े हिस्से के कारण यहां से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालक, ई-रिक्शा और चारपहिया वाहन हर रोज जोखिम उठाकर निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं और नगरपालिका प्रशासन को भी अवगत कराया गया, गढ़ रोड की सड़क निर्माण से पहले विधायक राजेंद्र मीना के औचक निरीक्षण के दौरान भी आमजन ने विधायक को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया था इसे लेकर विधायक राजेन्द्र मीना ने मौके पर मौजूद कार्यवाहक ईओ को तत्काल समाधान के निर्देश दिये थे, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी कि दुर्घटना का यह स्थायी कारण खत्म होगा, लेकिन निरीक्षण और निर्देशों के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गढ़ रोड की नई बनी सड़क पाखर रोड की पुरानी सड़क से ऊंची होने के कारण ढलान और नाले के खुले होने से वाहनों के फिसलने व असंतुलित होने का खतरा और बढ़ गया है, जिससे रोजाना ई-रिक्शा और दुपहिया चालकों के छोटे-बड़े हादसे होना आम बात हो गई है। इस मार्ग से पाखर, टहलड़ी और ऊकरूंद गांवों सहित आसपास की कई कॉलोनियों का आवागमन जुड़ा है, वहीं शहर की मुख्य सब्जी मंडी और एकमात्र मोक्षधाम का रास्ता भी यहीं से होकर गुजरता है, जहां से प्रतिदिन हजारों राहगीर और सैकड़ों वाहन निकलते हैं। सबसे अधिक परेशानी दिव्यांग चालकों और बुजुर्गों को झेलनी पड़ती है, जिनके वाहन ऊंच-नीच और खुले नाले के कारण फंस जाते हैं और उन्हें आसपास के लोगों की मदद से निकालना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मौजूदा हालात में यहां किसी बड़े हादसे की आशंका हर वक्त बनी रहती है और यदि समय रहते फेरो कवर, सुरक्षा जाल या सुरक्षित स्लोप का निर्माण नहीं कराया गया तो इस समस्या के कारण घटित होने वाले किसी भी बड़े हादसे के लिए पालिका के जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होना तय है।

### इनका कहना है?

नगरपालिका मंडावर प्रशासन द्वारा नाले की समस्या के समाधान के लिए निविदा जारी कर दी गई है और शीघ्र ही टेंडर देकर आवश्यक समाधान कराया जाएगा, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

**प्रकाशचंद मीना, (कार्यवाहक ईओ, नगरपालिका मंडावर)**

# पुलवामा आतंकी हमले में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** विधानसभा क्षेत्र मंडावा के गांव बाजीसर में शनिवार को गांव के मुख्य चौक पर पुलवामा आतंकी हमले में हुए शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान समाजसेवी अमित मीणा ने बताया कि देश के लिए अपने प्राणों का न्योछावर करने वाले शहीद भगवान के बराबर होते हैं। आज हम सब लोग चैन से सो रहे हैं,तो सिर्फ वीर जवानों की वजह से ही। शहीदों को हमेशा भगवान की तरह पूजना चाहिए। इस दौरान हीरालाल बुडानिया, हरफूल महला, रामनिवास कुल्हरी, वेदप्रकाश खीचड ए ए ओ, बीरबल बुडानिया, हरपाल बिरडा, सीताराम सैन, मंगलाराम कुल्हरी, बनवारीलाल निर्मल, भोमाराम निर्मल, ताराचंद्र मीणा, अभिषेक नायक, रोहित नायक, शक्ति नायक, अरूण कुमार, प्रियांशु बुडानिया सहित अनेक ओर भी ग्रामीण मौजूद रहें।

# पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

मुख्य बस स्टैंड स्थित वीर शहीद भगत सिंह सर्किल पर युवाओं द्वारा भाजयुमो शहर मंत्री मुकुल मनोज शर्मा के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अमर शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, पूर्व मंडल मंत्री सूर्यप्रकाश महर्षि, चिरंजीलाल सैनी, करण काछवाल, विजय शर्मा, ऋतिक शर्मा डुडवा, सचिन चौधरी पीपली, मनीष, बाबूलाल बड़गुजर, सुरेश पाराशर, सोनू, श्रीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रसीदपुर से बलीन तक निकली सती माता की तृतीय पदयात्रा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड क्षेत्र के गांव रसीदपुर स्थित बाणेश्वर महादेव मंदिर से योगी समाज की सती माता की तृतीय पदयात्रा श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में बलीन के लिए रवाना हुई। पदयात्रा का शुभारंभ समाजसेवी अधिवक्ता भुवनेश त्रिवेदी ने ध्वज सेवक रामप्रसाद योगी को साफा पहनाकर और यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर किया, जिससे शुरुआत से ही पूरे मार्ग पर आस्था का रंग चढ़ गया। पूर्व सरपंच कालूराम योगी ने बताया कि रसीदपुर योगी समाज की परंपरागत तृतीय पदयात्रा में ध्वज लेकर रामप्रसाद योगी आगे-आगे चले, जबकि सैकड़ों महिला-पुरुष डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते पैदल चलते हुए सती माता के स्थान बलीन पहुंचे। यात्रा मार्ग में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। बलीन पहुंचकर श्रद्धालुओं ने सती माता को ध्वज अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस पदयात्रा में दुलीचंद योगी, विक्रम योगी, रामप्रसाद योगी, दिनेश योगी, रमेश योगी, पुष्पेंद्र योगी, सुरेश योगी, अंकित योगी, संजय योगी, नितिन योगी, प्रकाश योगी, राकेश योगी, दिलखुश योगी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

# बीकानेर में 'फ्रेण्ड्स एकता संस्थान' की रजत जयंती धूमधाम से संपन्न

## 25 वर्षों के सेवा सफर का सम्मान, संस्थापक सदस्यों का हुआ अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार ।** शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था फ्रेण्ड्स एकता संस्थान ने शनिवार को अपने स्थापना के 25 सफल वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्थान कार्यालय में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में वर्ष 2000 से लेकर अब तक संस्था के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने वाले संस्थापक एवं वरिष्ठ सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। संस्थान अध्यक्ष वली मोहम्मद ग़ौरी रज़वी के नेतृत्व में आयोजित समारोह में पूर्व सचिव संतोष कुमार आचार्य, पूर्व कोषाध्यक्ष सय्यद माजिद अली और पूर्व उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ सदस्य सय्यद अख़्तर अली, नासिर नियारिया, शेख़ अनवर अली, सय्यद मज़हर अली, एडवोकेट शमशाद अली, सय्यद अब्दुल सलाम और जैनुल आबेदीन का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। मास्टर अनीस अब्बासी, सिकन्दर राठौड़, सागर सिद्दीक़ी और मोहम्मद यूसुफ़ ग़ौरी ने सभी अतिथियों का साफा पहनाकर एवं मालाओं से स्वागत किया। समारोह का वातावरण आत्मीयता और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

### 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रस्तुत किया लेखा-जोखा

अध्यक्ष वली मोहम्मद ग़ौरी रज़वी ने अपने संबोधन में वर्ष 2000 से 2026 तक के संस्थान के सेवा सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई दशकों में संस्था ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए विभिन्न संगोष्ठियों और जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए समय-समय पर राशन वितरण, स्वास्थ्य शिविर और अन्य सामाजिक सेवाएं संचालित की गईं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाना रहा है।

### आभार और भविष्य का संकल्प

पूर्व सचिव संतोष कुमार आचार्य ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा से निभाने का संकल्प है।समारोह के समापन पर सभी सदस्यों ने आगामी वर्षों में भी सामाजिक सेवा के कार्यों को और अधिक सक्रियता एवं प्रतिबद्धता के साथ जारी रखने का संकल्प लिया। रजत जयंती का यह आयोजन संस्था के 25 वर्षों की उपलब्धियों और समाज के प्रति समर्पण का जीवंत प्रमाण बना।

# बीकानेर में स्थापित हुआ नया आयाम: सींगी परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति में बनवाए 25 कृष्णा कॉटेज

## वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, विधायक जेठानंद व्यास और जिला कलेक्टर रहे मौजूद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

भामाशाहों की नगरी बीकानेर में शनिवार को एक और नया आयाम स्थापित हुआ। बीकानेर के सींगी परिवार की ओर से पीबीएम अस्पताल परिसर में बनाए गए 25 कृष्णा कॉटेज का शनिवार को उद्धघाटन हुआ। भामाशाह श्रीराम सींगी व किशन लाल सींगी द्वारा बीकानेर जिला उद्योग संघ की प्रेरणा से अपने पूर्वजों चेतनदास, द्वारकादास एवं दाऊलाल सींगी की स्मृति में वातानुकूलित 25 कॉटेज का निर्माण प्रसूताओं के लिए करवाया है। इनके साथ ही ऑफिस रूम, स्टोर रूम, गार्ड रूम, नर्सिंग स्टेशन, रिसेप्शन आदि भी बनाए गए हैं। कॉटेज उद्घाटन समारोह से चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। उन्होंने सींगी परिवार का आभार जताया और कहा कि बीकानेर भामाशाहों की नगरी है। यहां के अनेक भामाशाहों ने चिकित्सा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी चिकित्सकीय सुविधाओं में सुधार की दिशा में सतत कार्य किए जा रहे है। इसमें भामाशाहों की भूमिका भी



महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा उन्हें अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलें, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में यहां के भामाशाहों ने सदैव बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सींगी परिवार द्वारा करवाए गए इस पुनीत कार्य को आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में पीबीएम और जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में आमूलचूल सुधार हुआ है। श्री ब्रह्म गायत्री सेवा आश्रम के अधिष्ठाता पं. रामेश्वरानंद ने कहा कि पर सेवा से बड़ी सेवा कोई नहीं होती। अच्छे कार्यों में दिया गया दान कभी निष्फल नहीं जाता। उन्होंने कहा कि बीकानेर के भामाशाह जन सरोकारों के कार्यों का नया इतिहास रच रहे हैं। बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि सींगी परिवार द्वारा कॉटेज को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। उन्होंने आगंतुकों का स्वागत किया और कहा कि प्रवासी बीकानेरी भामाशाह यहां सुविधाओं के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यहां के मूंधड़ा परिवार ने 100 करोड़ से अधिक राशि से मेडिसन विंग का निर्माण करवा इतिहास रचा है।

इस दौरान जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा अध्यक्ष संदीप काबरा, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेंद्र वर्मा, पीबीएम अधीक्षक डॉ बी.सी. घीया, नारायण सींगी, गोवर्धन सींगी, किशन लाल सींगी, श्रीराम सींगी, सुरेश सींगी, रमेश सींगी, कैलाश सींगी, गोपाल सींगी, योगेश सींगी, रवि सींगी, पुनीत सींगी, वल्लभ सींगी, प्रणव सींगी, अरुण करनानी, मदन मोहन राठी, संजीव पचीसिया, मनमोहन कल्याणी, श्याम सोनी, बृजमोहन दम्माणी, भरत मोहता, मुरलीधर झंवर, किशनगोपाल दम्माणी, मदन मोहन दम्माणी, गोपीकिशन दम्माणी, वीरेंद्र किराडू, नरेश मित्तल, अनंतवीर जैन, बृजमोहन चांडक, ओमप्रकाश करनानी, नरेश चुग, अश्विनी पचीसिया, लालचंद राठी, मूलचंद राठी, डॉ जितेन्द्र आचार्य, द्वारकाप्रसाद राठी आदि मौजूद रहे।

# ड्रीमगर्ल के नाम से विख्यात मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी से सुरेश मीणा किशोरपुरा ने की मुलाकात

## कलयुग के आराध्य देव श्याम बाबा की प्रतिमा की भेंट



**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** राजस्थानी फिल्म अभिनेता एवं आदिवासी नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा ने शनिवार को बालीवुड एक्ट्रेस हेमा-मालिनी का से मुलाकात कर श्याम बाबा की प्रतिमा भेंट की।हेमा-मालिनी का उदयपुरवाटी उपखंड में पहली बार आगमन हुआ है। सुरेश मीणा किशोरपुरा ने हेमा-मालिनी को शेखावाटी के कई धार्मिक तीर्थों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने मालिनी से फिर से आने का आग्रह किया है। एक्ट्रेस को देखने ओर फोटो सेशन के लिए नौजवानों की भीड़ उमड़ पड़ी। वह गुढ़ागौड़जी की एमजी ग्लोबल स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की थी।

# झुंझुनूं में आजाद समाज पार्टी को नया नेतृत्व, महेंद्र सिंह चारावास बने जिला अध्यक्ष

## बहुजन समाज की आवाज बुलंद करने का नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चारावास ने लिया संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने झुंझुनूं जिले में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से युवा नेता महेंद्र सिंह चारावास को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति चंद्रशेखर आजाद (नगीना सांसद), राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष अनिल धेनवाल की सहमति से की गई।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह चारावास ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी को मजबूत करते हुए बहुजनों, शोषितों और पीड़ितों की आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने गांव-गांव, ढाणी-ढाणी और बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने तथा आगामी पंचायत चुनावों में मजबूती से भाग लेने का संकल्प व्यक्त किया। महेंद्र सिंह चारावास ने कहा कि वे चंद्रशेखर आजाद के नक्शे कदम पर चलते हुए जिले में बहुजन समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बहुजनों पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ संविधान के दायरे में रहकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही जिले में आजाद समाज पार्टी की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें बहुजन समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर टीम तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि महेंद्र सिंह चारावास पूर्व में झुंझुनूं विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं तथा बहुजन समाज पार्टी में जिला प्रभारी के रूप में सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष अंसार मुज्तर, प्रदीप चंदेल, शकील फौजी, डॉ. जगदीश बरवड़, रामानंद आर्य सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और बहुजन समाज की सेवा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बीकानेर में विकास की रफ्तार ठप, मूलभूत सुविधाओं को तरस रही जनता- गोपी चंद मेघवाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** लोकसभा क्षेत्र से 2024 के प्रत्याशी गोपी चंद मेघवाल ने बीकानेर जिले की वर्तमान विकास स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिले में विकास की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, जिसका सीधा असर आमजन के जीवन पर पड़ रहा है। सड़क, पानी और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जनता को रोजाना संघर्ष करना पड़ रहा है। क्षेत्र के दौरे के बाद गोपी चंद मेघवाल ने बताया कि बीकानेर शहर और ग्रामीण इलाकों में सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़कों के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई मोहल्लों और गांवों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। मेघवाल ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।



### रोजगार की कमी से युवाओं का पलायन

रोजगार के मुद्दे पर बोलते हुए गोपी चंद मेघवाल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों की कमी के कारण बीकानेर के युवा अन्य शहरों और राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जिले में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल इच्छाशक्ति और सही नीतियों की।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उठाए सवाल

मेघवाल ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बीकानेर के समग्र विकास के लिए जवाबदेही तय करना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि विकास योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे के सुधार के लिए ठोस बजट और स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए, ताकि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

# सेवा स्तंभ के संस्थापक डी. संजीवैया की जंयती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



सेवा स्तंभ के जिला कार्यालय डॉ बी.आर. अम्बेडकर पार्क एवम पुस्तकालय मॉडल टाउन रेवाड़ी में सेवा स्तंभ के संस्थापक डी.संजीवैया की 105 वीं जयंती बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष भगत सिंह बौद्ध ने की। मंच संचालन वरिष्ठ उपप्रधान आर.पी. सिंह दहिया ने किया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था मा.देवेंद्र की तरफ से की गई। जिला प्रधान भगत सिंह बौद्ध ने बताया कि श्री डी. संजीवैया जी का जन्म 14 फरवरी 1921में पेड़ापडू गांव,करनूल जिला आंध्र प्रदेश में एक गरीब माला परिवार में हुआ। बचपन में इनके पिता का देहांत हो गया लेकिन संघर्षों के बावजूद मद्रास लॉ कॉलेज में कानून की डिग्री हासिल की और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहे। इन्होंने 1968 में सेवा स्तंभ का गठन किया गया और 20 जून1969 में सेवा स्तंभ (अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कर्मचारी कल्याण महासंघ) का रजिस्ट्रेशन हुआ।सेवा स्तंभ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस राधाकृष्णन बने एवं प्रथम राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री आर संगीता राव थे।सेवा स्तंभ कर्मचारियों का राष्ट्रीय स्तर का बड़ा संगठन है और देश के 20 ,21 राज्यों मे इसकी शाखाएं काम कर रही है, जिसके अंतर्गत जिला रेवाड़ी हरियाणा मे भी यह संगठन भगत सिंह बौद्ध के मार्गदर्शन में बखूबी अपना काम कर रहा है।डी. संजीवैया भारत के पहले अनुसूचित जाति के आंध्र प्रदेश के 11 जनवरी 1960 में 38 साल के युवा मुख्यमंत्री बने और 12 मार्च 1962 तक मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत रहे। स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष के रुप मे इतिहास रचा,जिन्होंने विनम्रता,बुद्धिमता एवं सामाजिक न्याय के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा की, खासकर कमजोर वर्गो और मजदूरों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं केंद्र सरकार में श्रममंत्री, कानून मंत्री एवं अन्य केंद्रीय पदों पर कार्य किया। पूरा देश एवं समाज इनके देश के प्रति किए गए कार्यों के लिए इन्हें सदैव याद रखेगा।आज के समारोह में मुख्य रूप से भगत सिंह बौद्ध,आर.पी. सिंह दहिया, सह सचिव नरेंद्र मेहरा, हजरस जिला प्रधान सुमेर सिंह, अनिल चांग, राम सिंह सेवानिवृत असिस्टेंट कमांडेंट, समाज सेवी रमेश ठेकेदार, जगदीश प्रसाद गहलोत, नरेश गुरावड़ा, संदीप रोहड़ाई, मामराज सुंदरोज, आदि सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

# मंडावा के वार्ड 17 स्थित जीण माता मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक महोत्सव संपन्न

## शिव परिवार सहित जीणमाता, हनुमानजी और यादे माता की प्राण प्रतिष्ठा, भव्य कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

कस्बे के वार्ड नंबर 17 स्थित जीण माता मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना समारोह श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जीणमाता, शिव परिवार, हनुमानजी तथा यादे माता की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई। समारोह का आयोजन श्री प्रजापति समाज जीण माता सोसायटी के तत्वावधान में किया गया। समिति के प्रतिनिधि राजेन्द्र सनोदिया ने बताया कि पांच दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत विभिन्न वैदिक विधियों के साथ मूर्तियों की स्थापना संपन्न हुई। स्थापना से पूर्व सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने



भव्य कलश यात्रा निकालकर मूर्तियों का नगर भ्रमण करवाया। कलश यात्रा जीण माता मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मुख्य बाजार और फतेहपुर स्टैंड से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे।मंदिर प्रांगण में विद्वान पंडित जितेंद्र इंदोरिया, हनुमान प्रसाद, पंकज शर्मा, पंकज दीक्षित तथा विकास चौबे (चित्रकूट) के सान्निध्य में मुख्य यजमान जयपुर प्रवासी सीताराम भोडीवाल एवं किरण देवी ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों का अन्नादिवास, फलादिवास, पुष्पादिवास और जलादिवास संस्कार भी विधि-विधान से करवाया गया।

### हवन और महिला जागरण का आयोजन

कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर हवन अनुष्ठान तथा महिला जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### सैकड़ों श्रद्धालुओं की रही सहभागिता

इस अवसर पर समिति सचिव अशोक कुमार सनोदिया, कोषाध्यक्ष भंवर मारवाल, रामप्रसाद भोडीवाल, संतोष सनोदिया, मांगेराम दहिया, श्रीराम चेजारा, कमल सनोदिया, एडवोकेट गोवर्धन प्रजापति, रवि मारवाल, कमलेश मारवाल, नारोतम भवानी साउंड, राकेश सनोदिया, नत्थमल चावला, राकेश गिरधारी सनोदिया, नारायण मारवाल, विशाल मारवाल, मंजू सनोदिया, सुमन सनोदिया, जल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, पुनम मारवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। पांच दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# रेवाड़ी में आयोजित हिंदू सम्मेलनः आरएसएस की शताब्दी यात्रा पर हुआ विचार-विमर्श

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भाडोरिया ।** रेवाड़ी के राम तलाई कुतुबपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आज एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू एकता को मजबूत करना और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर चर्चा करना था। सम्मेलन में संत श्रद्धानंद जी महाराज, आरएसएस प्रचारक प्रदीप ने ओजस्वी वाणी से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस कार्यक्रम में आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया सम्मेलन की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण, हवन और राष्ट्रगान से हुई। संत श्रद्धानंद महाराज और ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने आरएसएस को राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा, 'आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। आज का सम्मेलन इसी यात्रा का एक हिस्सा है, जो हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है।' मुख्य वक्ता प्रदीप ने आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी, और यह संगठन आज दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक है। प्रतिभा ने आरएसएस द्वारा लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विशेष जोर दिया। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने संघ द्वारा प्रतिपादित प@ परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पांच परिवर्तनों को व्यवहार में अपनाकर समाज आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकता है। आज के समय में प्रत्येक नागरिक को इन विषयों पर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'आरएसएस की यह शताब्दी यात्रा सिर्फ एक संगठन की कहानी नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की प्रगति की कहानी है। इन पांच परिवर्तनों ने भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हमें इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।' उनके भाषण ने श्रोताओं में जोश भर दिया और सभी ने तालियों से उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने हिंदू समाज की वर्तमान चुनौतियों, जैसे धर्मांतरण, सांस्कृतिक आक्रमण और सामाजिक एकता पर भी चर्चा की। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम आरएसएस की शताब्दी समारोह की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे देश में चल रहा है। रेवाड़ी जिले में यह सम्मेलन स्थानीय हिंदू संगठनों और आरएसएस शाखाओं के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। कार्यक्रम संयोजक महेश ने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि इस तरह के कार्यक्रमों को प्रचारित कर हिंदू समाज की एकता को मजबूत किया जाए। यह सम्मेलन न केवल आरएसएस की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि मातृ पितृ पूजन के रूप में भी बनाया गया, पूजन और कार्यक्रम की सह संयोजका श्रीमती श्रुति जी ने माता पिता के सम्मान पर जोर दिया.एक मार्गदर्शक के रूप में साबित हुआ। उम्मीद है कि ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे और हिंदू समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अमन ग्राम की उपचार शाला के सभी सदस्य उपस्थित रहे पारस,जी संघ से योगेश त्यागी जी उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन श्रुति ने किया।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**



निजामपुर स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल में आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर शिवमय वातावरण से गूंज उठा और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने शिवजी की आरती कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी श्रद्धा भाव से आरती में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्था के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव एवं निदेशक डॉ. रविन्द्र यादव ने बच्चों को प्रसाद वितरण किया। प्रसाद ग्रहण करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर आस्था और प्रसन्नता झलक रही थी।

विद्यालय के किड्स ब्लॉक की इंचार्ज विजय सोनी ने विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर पूजा-अर्चना करते हैं तथा शिवभक्ति में लीन रहते हैं। उन्होंने बच्चों को शिवजी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनिता सैनी ने भगवान शिव का रूप धारण किया तथा शिवानी सैन ने माता पार्वती की भूमिका निभाई। दोनों छात्राओं ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। भक्ति, संस्कृति और परंपरा के संगम के रूप में आयोजित यह महाशिवरात्रि उत्सव विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी साबित हुआ।

# पुलवामा अटैक के शहीदों के याद में नांगल में रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** पुलवामा अटैक की वर्षगांठ में शहीदों के याद में शनिवार को युवा संगठन नांगल की ओर से गांव के प्राइमरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीए विकास यादव व गांव के सरपंच भूपेंद्र सिंह ने किया। ब्लड बैंक की टीम की देखरेख में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर पीए विकास यादव ने कहा कि रक्तदान एक बड़ा दान है जो किसी भी फैक्ट्री आदि में नहीं बनता बल्कि मानव द्वारा ही निर्मित होता है। रक्तदान से सडक़ दुर्घटना या किसी व्यक्ति में रक्त की कमी के इंसान को बचाया जा सकता है। यहा के युवा को वह शाबाशी देते है कि पुलवामा की अटैक में शहिद हुए सैनिको को एक तरह से श्रद्धांजलि अर्पित है। शिविर के संयोजक युवा विकास यादव ने बताया कि शिविर के लिए गांव के युवाओं व बड़ों के आशीर्वाद से यह रक्तदान डा. अजय ग्रेवाल की देखरेख में काउंसलर पवित्रा, नर्सिंग आफिसर सुरभी, इंद्रजीत यादव, आदि का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर रिटा. पीएनबी से ग्रुप मंडल प्रमुख विजय पाल यादव, कैप्टन परमानंद, वेदप्रकाश पंच, अमरजीत यादव, ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि कृष्ण सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने ग्राम पंचायत डांगरा में नए पंचायत भवन का किया लोकार्पण, ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने ग्राम पंचायत डांगरा मे नवनिर्मित पंचायत भवन का विधिवत लोकार्पण कर उसे ग्रामवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया और नए भवन के उद्घाटन को गांव के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। अपने संबोधन में सांसद बराला ने कहा कि यह नया पंचायत भवन गांव के प्रशासनिक कार्यों को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे जनसुनवाई की प्रक्रिया सशक्त होगी, ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायतें ही सशक्त भारत की आधारशिला हैं। ग्रामीण स्तर पर मजबूत आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने से स्थानीय स्वशासन को मजबूती मिलती है और विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ती है। यह भवन ग्राम सभा की बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों और विभिन्न सरकारी गतिविधियों के संचालन के लिए एक सुव्यवस्थित केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सांसद ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है और गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस भवन का उपयोग जनहित और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि गांव के समग्र विकास को नई दिशा मिल सके। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को इस नई सौगात के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि यह पंचायत भवन गांव की प्रगति और सुशासन का नया अध्याय लिखेगा। इस अवसर पर गाँव डांगरा में सरपंच उर्मिला मूंड, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मूंड बलराज, नंबरदार, सुरजीत चैयरमेन, ज़िले सिंह बराला, मिट्ठू नंबरदार सभी पंच और ग्रामीण उपस्थित रहें।

## ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत सीआईए टोहाना की बड़ी कार्रवाई

# 1200 नशीली गोलियों सहित दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य सप्लायर भी काबू

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' के तहत सीआईए टोहाना टीम ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियां बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन (आईपीएस) के दिशा-निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में एक आरोपी को मौके से काबू किया गया, जबकि पूछताछ के आधार पर मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 13 फरवरी 2026 को पुलिस टीम नरवाना टी-प्वाइंट, टोहाना क्षेत्र में गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए तैनात थी।



इसी दौरान विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि नारायण दत्त उर्फ नरेंद्र पुत्र ओम दत्त, निवासी गांव काबरछा (जिला जींद), नहर पुल लोहाखेड़ा के पास नशीली गोलियां बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 120 स्ट्रीप (कुल 1200 गोलियां) अल्प्राजोलम बरामद की गईं, जिनका कुल वजन 263 ग्राम पाया गया। यह मात्रा एनडीपीएस एक्ट के तहत कॉमर्शियल श्रेणी में आती है।इस संबंध में थाना शहर टोहाना में मुकदमा नंबर 54 दिनांक 13.02.2026 के तहत धारा 22ष्ट/61/85 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

### मुख्य सप्लायर भी गिरफ्तार

आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर दीपक पुत्र दर्शन सिंह, निवासी वार्ड नंबर 04, आर्य सदन के निकट, सफीदों (जिला जींद) को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले की आगे की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' के तहत नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिवरात्रि पर श्री शिव स्वर्ग आश्रम मंदिर में विशाल भंडारा व हवन यज्ञ का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पावन पर्व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री शिव स्वर्ग आश्रम मुख्य मार्ग भाटिया नगर में पन्द्रह फरवरी रविवार को हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी की ओर से जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः दस बजे हवन यज्ञ से होगा, जिसके उपरांत सुबह 11:15 बजे से विशाल लंगर प्रारंभ किया जाएगा। श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर हवन में आहुति देंगे तथा प्रसाद ग्रहण करेंगे।इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि एवं यजमान के रूप में नरेश बंसल (चेयरमैन, नगर परिषद टोहाना) शामिल होंगे। मंदिर के प्रधान ओम प्रकाश सैनी एवं समस्त मंदिर कमेटी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करें और शिवरात्रि के इस पावन अवसर को सफल बनाएं।कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# साढ़े इक्कीस लाख रुपए का अवार्ड पारित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ की सचिव सुरभि महला ने जानकारी दी कि मुख्यालय पर शनिवार को रालसा जयपुर के आदेशानुसार भारतीय स्टेट बैंक की विशेष प्री-लीटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया । जिसमें बैंच की अध्यक्षता अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ सुश्री श्वेता शर्मा द्वारा कुल 139 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में से 11 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें 21.56 लाख रुपए का अवार्ड पारित किया गया । राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच में सदस्य पैनल अधिवक्ता बाबूलाल ढाका थे इस अवसर पर महीपाल सिंह बैंक मैनेजर एसबीआई ब्रांच रूल्याणी, मोहम्मद सोहेल सैय्यद एवं न्यायालय के कर्मचारी एवं पक्षकार मौजूद रहे।

# केशव सिरोहीवाल के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मुंडावर।**



**रमेशचंद ।** केशव सिरोहीवाल, एडवोकेट और जिला अध्यक्ष, विधि प्रकोष्ठ, खैरथल तिजारा किसान महासभा राजस्थान ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रोहितास थानेदार, सूबेदार मनोहरलाल, सोनू भारद्वाज, विजय सवारियां सरपंच, हेमन्त गांधीनगर, हरपाल यादव, चेतन तनवानी, दीपचंद, दाताराम मीणा, सुमेर सिंह मीणा, खेमचंद गोठवाल, संतोष गोस्वामी, अमित सैनी, बलवीर गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर केशव सिरोहीवाल ने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और हम उनकी याद में हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति, शाहजहाँपुर की बैठक आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव शाहजहाँपुर मे डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति, शाहजहाँपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक 15 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे श्याम वाटिका में आयोजित की जाएगी। समिति के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि बैठक में समिति के पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने की खुशखबरी सदस्यों के साथ साझा की जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा संस्था के नाम से बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया पर चर्चा करना है। इसके तहत आवश्यक दस्तावेज, व औपचारिकताएं और आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा, ताकि संगठन की गतिविधियों को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सके। इसके अलावा संगठन विस्तार और समाज कल्याण से जुड़े आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। समिति ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर अपने सुझाव देने की अपील की है, ताकि सामाजिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# बिहाली गोशाला का सातवां चार दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** श्री कृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली का सातवां चार दिवसीय वार्षिकोत्सव कल 15 फरवरी से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर गायक कलाकारों द्वारा उपस्थित लोगों का मनोरंजन व गोवंश की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जानकारी देते हुए गोशाला के प्रधान कैप्टन महाबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 15 फरवरी को अमित चौधरी, छम्मा तिवारी एंड पार्टी, 16 फरवरी सोमवार को सुभाष सिंह सांगी एंड पार्टी, 17 फरवरी को संजय पटेल, कंचन यादव, राजू गोला आदि तथा 18 फरवरी को जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, दीपा चौधरी एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की वार्षिकोत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच कर गोवंश के लिए अपना सहयोग व सेवा करने में पुण्य लाभ कमायें।

# महवा में शहीदों को नमन, शिव यात्रा और जलधारा में उमड़ी आस्था

## पुलवामा के वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** विधानसभा क्षेत्र में आमजन ने शहीद स्मारक महवा पर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित कर शहादत को स्मरण किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि शहीदों ने राष्ट्रधर्म निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और देश की अस्मिता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनकी कुर्बानी को देश का हर नागरिक जीवन भर स्मरण रखेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. ओमप्रकाश हुडला ने कहा कि पुलवामा विस्फोट में देश ने अपने 40 वीर जवान खोए हैं, जिनका साहस और बलिदान अमर रहेगा और यह दिन हमें देशप्रेम व त्याग की सच्ची भावना का स्मरण कराता है। श्रद्धांजलि के उपरांत तिरंगा हाथों में लिए देशभक्ति गीतों के साथ शिव यात्रा शनि मंदिर से मुख्य बाजार, गणेश मंदिर और किले वाली देवी होकर बड़े महादेव मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव की जीवंत झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बड़े महादेव मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जलधारा कार्यक्रम और विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिसमें पूर्व विधायक डॉ. ओमप्रकाश हुडला सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और पौष बड़ा कार्यक्रम में प्रसादी ग्रहण की। पूर्व मंत्री हुडला ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भगवान शिव की महिमा अपरम्पार है, पूजा-अर्चना से सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना सुदृढ़ होती है और महाशिवरात्रि जैसे पर्व जनमानस को सद्भाव और आस्था के सूत्र में बांधते हैं। बड़े महादेव मंदिर की जलहरी पर आचार्य राधाकृष्ण भारद्वाज के मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की आराधना में विधिवत सहभागिता की गई और नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भी पूजा-अर्चना कर राष्ट्र और समाज की मंगलकामना की गई। इस आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महवा अध्यक्ष दिनेश पाटोली, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंडावर अध्यक्ष रामहरी मीना, विष्णु कुशवाह, राजू बैरवा रामगढ़ सहित हजारों नागरिकों की मौजूदगी ने श्रद्धांजलि और शिवभक्ति को जनआंदोलन का रूप दे दिया, जिससे महवा में देशभक्ति और आस्था का संदेश एक साथ गूंज उठा।

# खोरु धाम पदयात्रा की नई कार्यकारणी का गठन पदयात्रा 27 फरवरी को लक्षमनगढ से होगी रवाना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

खोरू धाम मंदिर के महंत बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में मीटिंग आयोजित कर खोरू धाम पदयात्रा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

यह जानकारी देते हुए संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि मीटिग में निर्णय लिया गया कि खोरू धाम के लिए पदयात्रा 27 फरवरी को अपराह्न 3 बजे सीताराम जी का मंदिर लक्ष्मणगढ़ से रवाना होगी। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष विजय बैंगलोर उपाध्यक्ष अमित जोशी मंत्री ताराचंद ठेकेदार आशीष खादूवाला कोषाध्यक्ष विनोद जैन सहकोषाध्यक्ष महेंद्र सैनी महामंत्री नवीन काछवाल विनोद पाराशर नरेंद्र दायमा संगठन मंत्री राजेश जोशी विक्रम सिंह तंवर राकेश सेन व्यवस्थापक सुशील पुजारी विकास सैनी राजेश बेदी सुभाष पुजारी मुरारी डीडवानिया चिराग पुजारी निखिल पुजारी महेश चोटिया अजय मंगलूनेवाला जयप्रकाश नरसास प्रमोद सैनी मयंक सैनी विक्रम सैनी हिमांशु सैनी आलोक बिजारणिया संरक्षक बजरंग गोटेवाले सुरेश जाजोदिया ललित भूत अनिल मिश्रा प्रमोद मंगलुणेवाले गिरधारी लाल जाजोदिया उपेंद्र मिश्रा को बनाया गया जबकि मातृशक्ति की जिम्मेदारी लक्ष्मी गौतम सुमन शर्मा विद्या देवी कुमावत को दी गई।

# फतेहाबाद के शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा में मोबाइल व नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अभिभावक जागरूकता बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ढिंगसरा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रणसिंह जी रेपस्वाल व डायरेक्टर श्री विजय सिंह बाघेला द्वारा अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में साईबर क्राईम विभाग से पुलिस ऑफिसर श्रीमति सुनीता देवी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।बैठक की शुरुआत प्रधानाचार्य के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। बदलते डिजिटल युग में बच्चों की दिनचर्या और व्यवहार में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने अभिभावकों को सचेत करते हुए बताया कि अनियंत्रित मोबाइल प्रयोग से बच्चों में एकाग्रता की कमी, अनुशासनहीनता और सामाजिक दूरी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई बार बच्चे अनजाने में गलत संगति और अनुचित सामग्री की ओर आकर्षित हो जाते हैं, जिससे उनके भविष्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के व्यवहार में आने वाले छोटे-छोटे बदलावों को नजरअंदाज न करें। यदि समय रहते मार्गदर्शन दिया जाए तो बच्चे गलत आदतों से दूर रह सकते हैं। इसीलिए माता-पिता अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं। उनके साथ खुलकर संवाद करें, उनकी समस्याएं सुनें और उन्हें सही व गलत का अंतर समझाएं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि श्रीमति सुनीता देवी ने साईबर क्राईम व नशा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज के लिए घातक बताते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखें और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही साईबर क्राईम व नशा की प्रवृत्ति युवाओं के लिए खतरे की घंटी है और इससे बचाव के लिए परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अभिभावक समय-समय पर बच्चों के मोबाइल फोन व उनके व्यवहार में आने वाले परिवर्तन पर कड़ी नजर रखें और उनके फोन में अनावश्क एप्प को डिलीट कर दें, ताकि आप व आपका बच्चा साईबर क्राईम जैसी कुरीति से बच सकें और अगर आप साईबर क्राईम जैसी ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत 1930 नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज करें। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री विजय सिंह बाघेला ने अभिभावकों के अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण समय बिताने व उनसे खुलकर संवाद करने तथा उनका मित्र बनकर उनकी समस्याओं को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन ही बच्चों को गलत रास्तों से बचा सकता है। अंत में उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे विद्यालय के साथ मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# भारत-पाक महामुकाबला आजः विवादों के यू-टर्न के बाद अब मैदान पर असली जंग, जीत से कम कुछ नहीं मंजूर

**कोलंबो (एजेंसी)।** क्रिकेट और सियासत के घालमेल से पैदा हुए गतिरोध के अस्थायी समाधान के बाद आखिरकार टी20 विश्व कप 2026 का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला आज होने जा रहा है, जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। पाकिस्तान ने पहले मैच के बहिष्कार का फैसला लिया था, लेकिन बाद में अचानक यू-टर्न लेकर आर. प्रेमदासा स्टेडियम में मुकाबला खेलने पर सहमति दे दी। इस निर्णय के पीछे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, श्रीलंका क्रिकेट और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की कई दौर की बातचीत रही, क्योंकि दक्षिण एशिया ही नहीं, बल्कि पूरे क्रिकेट जगत की निगाहें इस मुकाबले पर टिकी हैं। प्रसारक, प्रायोजक और दुनिया भर के दर्शक इस मैच को टूर्नामेंट की सबसे बड़ी धड़कन मानते हैं।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच न खेलने की घोषणा कर दी थी। हालांकि खिलाड़ियों ने इसे ÷सिर्फ एक मैच÷ बताकर हाइप कम करने की कोशिश की, मगर भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता ऐसी है कि हार किसी भी टीम को मंजूर नहीं क्योंकि उसके बाद प्रशंसकों की प्रतिक्रिया भी उतनी ही तीखी होती है।

भारतीय टीम की चिंता सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की उपलब्धता है, जो पेट संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती रहे और नामीबिया मैच में नहीं खेले। उनके नहीं खेलने पर संजू सैमसन को उतारने या फिर ईशान किशन के साथ वॉशिंगटन सुंदर को ओपनिंग में भेजने का विकल्प है, जो न केवल फिट हो चुके हैं, बल्कि प्रेमदासा की धीमी पिच पर उपयोगी स्पिनर भी साबित हो सकते हैं। इसके अलावा पिच को देखते हुए कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है खासकर बाबर आज़म के खिलाफ उनके सफल रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है।

विश्व कप से पहले मजबूत दिख रही भारतीय बल्लेबाजी शुरुआती दो मैचों में कुछ अस्थिर दिखी है। अमेरिका के खिलाफ 77 पर छह विकेट गिरना और नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में पांच विकेट गंवाना टीम की




कमजोरी उजागर करता है, हालांकि दोनों मैच भारत ने बड़े अंतर से जीते। सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या मुश्किल हालात में टीम को निकालते रहे हैं, लेकिन बड़े मैच में सामूहिक प्रदर्शन ही जीत की कुंजी है। पाकिस्तान को कोलंबो की पिचों की बेहतर जानकारी है, क्योंकि उसके मैच यहीं खेले जा रहे हैं। स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज भारत के बल्लेबाजों की सख्त परीक्षा लेंगे। वहीं बल्लेबाजी में साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और फहीम अशरफ पर जिम्मेदारी होगी। हालांकि पाकिस्तान अब तक ऐसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से नहीं भिड़ा, जैसा भारत के पास है जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे सभी मैच-विनर हैं। आखिर में यह मुकाबला केवल कौशल का नहीं, बल्कि दबाव को संभालने की क्षमता का होगा। जो टीम बाहरी और भीतर दोनों तरह के तनाव को काबू में रखेगी, वही आज की असली जंग जीतेगी।

### टीम इस प्रकार है

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरूण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तानः** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

## प्रमोद भगत ने रचा नया इतिहास, मनामा में जीता करियर का छठा विश्व खिताब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने मनामा में आयोजित प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में एक बार फिर कमाल करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। 37 वर्षीय भगत ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान को 21-12, 21-18 से हराकर लगातार चौथा और कुल छठा विश्व खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ वह पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए हैं। एसएल3 वर्ग में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता होती है। प्रमोद भगत पांच वर्ष की उम्र में पोलियो से प्रभावित हुए थे, लेकिन उन्होंने इस कमजोरी को अपनी ताकत में बदलकर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में पहले ही स्वर्ण जीत चुके भगत का यह नया खिताब उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

यह जीत इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि प्रमोद हाल ही में डोपिंग रोधी नियमों के 'वेयरअबाउट्स' उल्लंघन के कारण 18 महीने के निलंबन से लौटे हैं। इस निलंबन की वजह से वह 2024 पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा नहीं ले पाए थे, लेकिन वापसी के बाद उन्होंने साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियाँ भी उनके जज्बे को कमजोर नहीं कर सकतीं। फाइनल मुकाबले में प्रमोद ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। पहले गेम में 21-12 की आसान जीत के बाद दूसरे गेम में इमरान ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन प्रमोद ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाकर 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया। उनकी यह उपलब्धि भारतीय पैरा बैडमिंटन के लिए गर्व का क्षण है और आने वाले खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा भी।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारें : गावस्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारतीय टीम को है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में कुछ बदलावों के साथ उतरना चाहिये। गावस्कर के अनुसार टीम को इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करना चाहिये। गावस्कर के अनुसार कोलंबो में स्पिनरों को सहायता मिलती है और ऐसे में कुलदीप प्रभावी होंगे। वहीं अर्शदीप लय में नहीं दिखते। नामीबिया के खिताफ मैच में भी उन्होंने काफी रन दिये थे। गावस्कर ने कहा, श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए सहायक हैं इसलिए टीम को तीन स्पिनरों के साथ उतरना चाहिये।

ऐसे में कुलदीप के अलावा अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती बेहतर रहेंगे। गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव कर सभी को आजमाया। उन्होंने कहा, हार्दिक पंड्या ने पहला ओवर किया जिससे भी तय है कि अर्शदीप को पाकिस्तान को खिलाफ शायद ही अवसर मिले। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी शामिल किया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा, वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है वह विकेट लेता है। वहीं स्पिनर अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए जिससे पता चलता है कि वह भी लय में हैं। गावस्कर ने अभिषेक शर्मा के फिट नहीं होने के कारण जगह पारी की शुरुआत कर रहे संजू सैमसन को लेकर भी चिंता जतायी है। गावस्कर ने कहा कि सैमसन की तकनीक में कमी है। वह क्रीज से दूर जाकर खेलने में परेशानी का अनुभव कर रहे हैं। नामीबिया के खिलाफ मैच में वह सजज नजर नहीं आये।

## टी20 वर्ल्ड कपः लॉर्कन टकर के तूफान में उडा ओमान, आयरलैंड ने दी 96 रनों से मात

**कोलंबो(एजेंसी)।** कोलंबो में खेले गए टी20 विश्व कप ग्रुप-बी मुकाबले में आयरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओमान को 96 रन से हरा दिया। आयरलैंड के कप्तान लॉर्कन टकर ने 51 गेंदों में शानदार 94 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को जीत दिलवाई। ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय उसके लिए बेहद महंगा साबित हुआ। आयरलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। यह न सिर्फ आयरलैंड का टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर है, बल्कि मौजूदा सीजन का भी सर्वोच्च टोटल बन गया। टीम ने श्रीलंका द्वारा इसी सीजन में ओमान के खिलाफ बनाए गए 225 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर दर्ज कर लिया।



आयरलैंड की पारी में ताबड़तोड़ चौकों-छक्कों की बरसात देखने को मिली। टीम ने कुल 21 चौके और 13 छक्के जड़े। कप्तान लोर्कन टकर ने शानदार नेतृत्व करते हुए 51 गेंदों पर नाबाद 94 रनों की धुआंधार पारी खेली। शतक से चूकने के बावजूद उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के जड़कर मैच का रुख पूरी तरह अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया। उनके साथ गैरेथ डेलानी ने 30 गेंदों पर 56 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। ओमान की ओर से 38 वर्षीय स्पिनर शकील अहमद ने तीन विकेट झटके और शुरुआती झटके दिए, जबकि आमिर कलीम ने भी एक सफलता हासिल की।

235 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। आमिर कलीम ने 50 और हमाद मिर्जा ने 46 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। मैथ्यू हंफ्रेस और बैरी मैकार्थी को दो-दो सफलताएं मिलीं। इस बड़ी जीत के बावजूद आयरलैंड अंकतालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया शीर्ष तीन स्थानों पर बने हुए हैं।

## पाकिस्तान के दो स्पिनर टीम इंडिया के लिए बन सकते हैं चुनौती : अजंता मेंडिस

कोलंबो । भारत–पाक मुकाबले से ठीक पहले श्रीलंका के पूर्व स्टार स्पिनर अजंता मेंडिस ने भारतीय टीम को सावधान रहने की सलाह दी है। मैदान के बाहर लंबे विवाद, राजनीतिक बयानबाज़ी और पाकिस्तान सरकार के बायकॉट से यूटर्न के बाद अब 15 फरवरी को कोलंबो में दोनों टीमें अंततः आमने–सामने होंगी। फैंस एक बार फिर भारत–पाक महामुकाबले के रोमांच को महसूस करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में खेले गए एशिया कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान पर लगातार तीन जीत दर्ज कर खिताब जीता था। फाइनल समेत तीनों मुकाबलों में भारत ने दमदार प्रदर्शन किया था। इस बार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को मात देने उतरेगी। हाई–वोल्टेज मैच के लिए टीम इंडिया शुक्रवार को कोलंबो पहुंच चुकी है।

इसी बीच मेंडिस ने संकेत दिया है कि पाकिस्तानी स्पिनर्स भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। पिच की प्रकृति और कोलंबो की परिस्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान के दो स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। मेंडिस का मानना है कि यह मुकाबला स्पिनरों पर काफी निर्भर रहने वाला है और भारतीय बल्लेबाजों को शुरुआत से ही सतर्क रहना होगा। हालांकि, इस बड़े मैच पर मौसम का खतरा भी मंडरा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुकाबले के दौरान बारिश की संभावना है, जो खेल को प्रभावित कर सकती है। बावजूद इसके, फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम साफ रहे और उन्हें भारत–पाक की एक और यादगार भिड़ंत देखने को मिले।

## मोईन अली की बड़ी भविष्यवाणी : भारत–पाकिस्तान मैच में बुमराह और कुलदीप होंगे गेम चेंजर

नई दिल्ली । आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप को समर्पित 'मिस्टर क्रिकेट यूएई' पॉडकास्ट के दूसरे एपिसोड में इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भारत–पाकिस्तान मुकाबले को लेकर कई अहम भविष्यवाणियां कीं। मोईन ने साफ कहा कि भारत के लिए इस हाई–वोल्टेज मैच में सबसे बड़े मैच–विनर जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव होंगे। उन्होंने कोलंबो स्थित आर. प्रेमदाया स्टेडियम की पिच को स्पिनरों के लिए मददगार बताया, हालांकि उम्मीद जताई कि बड़े मुकाबले को देखते हुए एक संतुलित विकेट तैयार किया जा सकता है। मोईन अली ने कहा कि बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। उनके अनुसार, सूर्यकुमार के पास मैच का रुख कुछ ही ओवरों में बदल देने की क्षमता है। वहीं गेंदबाजी में बुमराह और कुलदीप दोनों किसी भी परिस्थिति में मैच जीताने वाले खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान टीम संयोजन पर भी मोईन ने खुलकर राय रखते हुए कहा कि टीम को हर हाल में फखर जमान को शामिल करना चाहिए, चाहे इसके लिए बाबर आजम को बाहर ही क्यों न बैठना पड़े। गेंदबाजी में उन्होंने शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को भारत के लिए महत्वपूर्ण खतरा बताया, खासकर अबरार की विविधता भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ले सकती है। मोईन अली ने अपने चार संभावित सेमीफाइनलिस्ट भी बताए भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और पाकिस्तान। इतना ही नहीं, उन्होंने फाइनल की संभावित भिड़ंत भारत बनाम पाकिस्तान के रूप में देखी। हालांकि मैच के नतीजे पर उन्होंने एक दिलचस्प बयान दिया- फ्रआमतौर पर भारत पाकिस्तान को हरा देता है, लेकिन इस बार मेरा दिल कहता है कि पाकिस्तान जीत सकता है।'




## पाक कप्तान ने बताया उस्मान तारिक को ट्रंप कार्ड

**– भारत–पाकिस्तान भिड़ंत से पहले के एक्शन पर विवाद जारी**

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2026 का सबसे रोमांचक और हाई वोल्टेज मुकाबला रविवार को कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया मैच के लिए कोलंबो पहुंच चुकी है, वहीं पड़ोसी मुल्क की टीम भी अपनी तैयारियों में पूरी ताकत झोंक रही है। इस महामुकाबले से पहले पाकिस्तान द्वारा मैच को बॉयकॉट करने की चेतावनी और फिर खेलने के फैसले के बाद काफी विवाद खड़ा हुआ था, लेकिन अब नया मुद्दा स्पिनर उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन को लेकर उठ रहा है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा।

भारत-पाक मैच से ठीक पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने स्पिनर का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा कि टीम को उस्मान तारिक के एक्शन पर उठ रही चर्चाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि वह पहले ही दो बार जांच में पूरी तरह क्लियर हो चुके हैं। सलमान अली आगा ने उन्हें टीम का ट्रंप कार्ड बताते हुए कहा कि वह अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

कप्तान ने साफ शब्दों में कहा, 'उस्मान तारिक हमारे लिए ट्रंप कार्ड हैं। उनके बॉलिंग एक्शन पर हो रही चर्चाओं की हमें कोई परवाह नहीं है। उनका एक्शन दो बार क्लीन चिट पा चुका है, इसलिए इस मुद्दे पर सवाल उठाना समझ से परे है।' कप्तान के इस बयान से साफ है कि पाकिस्तान टीम अपने स्पिनर पर काफी भरोसा जताती है और वे भारत के खिलाफ इस अहम मैच में उन पर बड़ी जिम्मेदारी डालने की तैयारी में हैं। दूसरी ओर, दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले पर टिकी हुई हैं। कोलंबो का प्रेमदासा स्टेडियम रविवार को एक बार फिर दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों की ऐतिहासिक भिड़ंत का गवाह बनेगा। दोनों टीमों के बीच मैदान पर उतरते ही रोमांच अपने चरम पर पहुंचना तय है।




## दोनों मैच जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं कप्तान मार्करम, कहा– सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं हुआ

नई दिल्ली । टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप–डी की शुरुआत में ही साउथ अफ्रीका ने अपने दोनों मैच जीतकर चार अंक बटोर लिए हैं और न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। लेकिन टीम के कप्तान एडन मार्करम का कहना है कि टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हालांकि परिणाम सकारात्मक रहे हैं, टीम का फोकस अपनी पूरी क्षमता पर खेलना और लगातार सुधार करना है। मार्करम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अगले मुकाबले से पहले कहा कि कीवी कोच रोब वाल्टर उनकी टीम की ताकत और कमजोरियों से पूरी तरह परिचित हैं। वाल्टर पहले कई दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके हैं, इसलिए उन्हें पता है कि टीम किस स्थिति में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती है और कहां कमजोर पड़ सकती है। मारक्रम ने माना कि यह एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा, लेकिन टीम मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार है। कप्तान ने गेंदबाजी की स्थिति पर भी चिंता जताई। पिछले दो मैचों में उनके गेंदबाजों ने 22 अतिरिक्त रन दिए, जो टी20 प्रारूप में काफी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। मार्करम का कहना है कि टीम इन फालतू रनों को कम करने पर विशेष ध्यान दे रही है और हर गेंदबाज को अपनी ताकत और शैली के अनुसार खेलना होगा। उन्होंने अहमदाबाद में रात की रोशनी में टीम संयोजन पर भी संकेत दिया कि स्पिन और तेज गेंदबाजी का संतुलन बनाए रखा जाएगा, ताकि पिच और परिस्थितियों का अधिकतम फायदा उठाया जा सके। सुपर–8 में जगह बनाने के लिए साउथ अफ्रीका का अगला मुकाबला टेबल टॉपर न्यूजीलैंड से है। न्यूजीलैंड ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर उत्साह बढ़ाया है। कीवी टीम ने पहले मैच में अफगानिस्तान को मात दी थी और दूसरे मैच में यूएई को 10 विकेट से हराया। ऐसे में यह मुकाबला केवल अंक तालिका के लिए ही नहीं, बल्कि टीम की मानसिक मजबूती और प्रदर्शन की वास्तविक परीक्षा भी साबित होगा। मार्करम ने जोर देकर कहा कि टीम का ध्यान केवल परिणाम पर नहीं, बल्कि लगातार सुधार पर है। यदि साउथ अफ्रीका न्यूजीलैंड को मात देने में सफल होता है, तो लगातार तीसरी जीत के साथ उसकी सुपर–8 में जगह पक्की हो जाएगी। लेकिन मैच चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि कीवी टीम भी जीत के इरादे से उतरेगी। टी20 प्रारूप की अनिश्चितताओं को देखते हुए यह मुकाबला दर्शकों और फैंस के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है। साउथ अफ्रीका की टीम फिलहाल मानसिक और तकनीकी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी, और मारक्रम के अनुसार, उनका लक्ष्य केवल जीत हासिल करना नहीं, बल्कि प्रत्येक गेंद पर अपनी पूरी क्षमता दिखाना है।

## आईपीएल के नये सत्र मे पराग की कप्तानी में उतरेगी रॉयल्स



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 सत्र में राजस्थान रॉयल्स की टीम युवा ऑलराउंडर रियान पराग की कप्तानी में उतरेगी। पराग ने पिछले सत्र में भी कई मैचों में कप्तानी की थी। ऐसे में वह इसबार कप्तानी के प्रबल दावेदार थे। वहीं पिछले सत्र में कप्तान रहे संजू सैमसन इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलेंगे। सैमसन के जाने के बाद टीम प्रबंधन ने भविष्य की योजनाओं को देखते हुए पराग पर भरोस जताया है। राजस्थान रॉयल्स में सैमसन एक दशक से शामिल थे । वह एक युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज़ से टीम के कप्तान बने थे पर पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसके बाद वह फिटनेस की परेशानी से भी जूझ रहे थे। पिछले सत्र में 14 मुकाबलों में टीम को केवल चार में जीत मिली थी और वह अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी। इस सत्र के बाद ही सैमसन और टीम प्रबंधन में मतभेद आ गये थे और तभी से पता चल गया था कि वह बदलाव के लिए तैयार हैं।इसके बाद सैमसन सीएसके में चले गये। अब वह सीएसके में महेन्द्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज के साथ टीम में खेलते दिखेंगे।

पराग को कप्तानी एकदम नहीं दी गयी बल्कि पिछले सीज़न में जब भी सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तब पराग को कप्तान के तौर पर अवसर दिये गये ताकि वह कमान संभालने के लिए तैयार रहें। उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी। उन मुकाबलों में टीम को केवल दो में ही जीत मिलीं पर पराग के आंकड़े अच्छे रहे। । उन्होंने 38.57 की औसत से रन बनाए और कई अच्छी पारियां खेलीं। इससे उनकी बल्लेबाजी में परिपक्वता और दबाव को झेलने की क्षमता दिखी। वहीं पराग का मानना है कि कप्तानी सिर्फ मैदान पर फैसले लेने का नाम नहीं, बल्कि मानसिक रूप से तेज और रणनीतिक रूप से सजग रहने का खेल है। टीम संयोजन चाहे जैसा भी हो, वह जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं।साल 2025 के अंत में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पद छोड़ने के बाद रायल्स की मुश्किलें बढ़ गयी थीं और ऐसे में देखना होगा कि नये कप्तान के तौर पर पराग कितने सफल रहते हैं।

## एम चिन्नास्वामी में अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़ और शांता रंगास्वामी के नाम पर स्टैंड बने

नई दिल्ली । एम चिन्नास्वामी स्टेडियम ने भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गजों को सम्मानित किया है। इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के गढ़ माने जाने वाले इस स्टेडियम में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज खिलाड़ियों अनिल कुबले और राहुल द्रविड के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन किया। इस सम्मान के जरिए भारतीय और कर्नाटक क्रिकेट में उनके द्वारा किए गए असाधारण योगदान को याद किया गया। अनिल कुंबले, जो टेस्ट और वनडे दोनों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और जून 2016 से जून 2017 तक भारत के मुख्य कोच भी रह चुके हैं, ने कहा, 'यह सिर्फ नाम का सम्मान नहीं है, बल्कि कर्नाटक क्रिकेट में हम सभी के योगदान को पहचानने का अवसर है। हमारे प्रयास आज के कर्नाटक क्रिकेट को आकार देने में अहम रहे हैं।' वहीं राहुल द्रविड़, टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे बड़े रन बनाने वाले बल्लेबाज और 2024 में भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीताने वाले कोच, इस मौके पर कुंबले के साथ मौजूद रहे। कुंबले ने यह भी खुशी जताई कि पूर्व महिला कप्तान शांता रंगास्वामी के नाम पर भी स्टैंड बनाए गए हैं। शांता रंगास्वामी भारतीय महिला क्रिकेट की पहली टेस्ट शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं और 1976 से 1991 तक 16 टेस्ट और 19 वनडे में 1,037 रन बनाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक भी बनाए। पिछले अक्टूबर में उन्हें भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) का अध्यक्ष चुना गया था।

## अतीत में अपने व्यवहार की वजह से नुकसान उठाना पड़ा : ईशान किशन



**– बदला रवैया बना फेंस और टीम के लिए बड़ी राहत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने नामीबिया के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने केवल 24 गेंदों में 61 रन बनाए, जिसमें जेजे स्मिट के एक ही ओवर में चार छक्के शामिल थे। भारत ने पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिए, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत का पावरप्ले में सर्वोच्च स्कोर साबित हुआ। अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में किशन की यह पारी और भी अहम रही।

मुकाबले के बाद किशन ने अपने बदलावों और परिपक्वता पर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में उनके व्यवहार की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब उन्होंने अपने रवैये और खेल पर पूरा ध्यान देना शुरू कर दिया है। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने आचरण में बदलाव किया और अब अधिकांश समय बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर फोकस करते हैं। किशन ने बताया कि वह केवल कुछ घंटे हल्के मूड में रहते हैं, बाकी समय पूरी निष्ठा से अपने खेल पर काम करते हैं।

किशन ने यह भी बताया कि अब वह जल्दबाजी से बचने की कोशिश कर रहे हैं और एक-दो रन लेने पर उतना ही ध्यान देते हैं जितना बड़े शॉट खेलने पर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई बार खिलाड़ी उत्साह में गलत शॉट खेल बैठते हैं, लेकिन किशन खुद को शांत रखने और गेंद पर नजर जमाए रखने की रणनीति अपनाते हैं। इस पारी ने न सिर्फ किशन की टीम में अहम भूमिका को मजबूत किया, बल्कि भारतीय शीर्ष क्रम के लिए भी बड़ी राहत दी। उनकी बल्लेबाजी में आई परिपक्वता और विकेटकीपिंग में निरंतरता उन्हें टीम का भरोसेमंद सदस्य बनाती है। आगामी मुकाबलों में किशन की यह फॉर्म भारत के अभियान की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है और टीम को ग्रुप स्टेज में मजबूत स्थिति दिला सकती है।



## 'हसरतें सीजन 3' से चाहत पांडे रखा ओटीटी की दुनिया में कदम

**टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है।**

यह कहानी दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करेगी कि कभी-कभी जीवन में अपनी खुशी चुनना गुनाह नहीं, बल्कि जीवित रहने का तरीका है। चाहत पांडे ने अपने किरदार को लेकर कहा, ''स्मिता मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार है। स्मिता ऐसी महिला है, जिसे बचपन से सिखाया गया कि उसे अपने दर्द और अधूरी इच्छाओं को कभी व्यक्त नहीं करना है। पति के गायब होने के बाद समाज उसे और भी सख्ती से नियंत्रित करने लगता है। इस किरदार के जरिए मैंने यह दिखाने की कोशिश की कि जब एक महिला अपनी आवाज सुनती है, तो उसके जीवन में कितना बड़ा बदलाव आ सकता है।''

चाहत ने आगे कहा, ''स्मिता की कहानी उसके अधिकारों को वापस पाने और यह स्वीकार करने की कहानी है कि अपनी खुशी चुनना कोई अपराध नहीं है। यह किरदार महिलाओं की भावनाओं, उनके संघर्ष और उनकी स्वतंत्रता की कहानी को बड़े ही संवेदनशील तरीके से पेश करता है।''

'हसरतें सीजन 3' में चाहत पांडे का यह कदम ओटीटी की दुनिया में उनकी नई पहचान बनाने का भी अवसर है। दर्शक न केवल उनकी भावनाओं से जुड़ेंगे, बल्कि उनकी कहानी के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्वतंत्रता और व्यक्तिगत अधिकारों के महत्व को भी महसूस करेंगे।

# क्या बॉलीवुड में डेब्यू के ख्वाब देख रहीं हैं भोजपुरी क्वीन अक्षरा?



अपने अभिनय, डांस और सिंगिंग को लेकर दर्शकों की तारीफ बटोरने वाली अक्षरा सिंह ने अब यूट्यूब पर कुकिंग व्लॉग शुरू कर दिया है। बीते दिनों उन्होंने इसका एलान किया था। 'चटर पटर' नाम के इस चैनल पर अक्षरा अपने माता-पिता के साथ कोई डिश बनाती हैं। साथ-साथ भरपूर मस्ती होती है। व्लॉग का पहला एपिसोड काफी पसंद किया गया था। अब इसका दूसरा एपिसोड रिलीज कर दिया गया है।

### अक्षरा बोलीं- 'आपका प्यार ही फैमिली फन को वायरल बनाता है'

अक्षरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें व्लॉग के दूसरे एपिसोड के रिलीज होने की जानकारी देते हुए लिखा है, 'पहले एपिसोड को आप सभी ने इतना प्यार दिया, दिल खुश हो गया। अब 'चटर-पटर' का दूसरा एपिसोड लाइव हो गया है। मम्मी, पापा और मेरी फुल मस्ती के साथ। देखिए, एंजॉय करिए और बताइए कैसा लगा? आपका प्यार ही इस फैमिली फन को वायरल बनाता है। व्लॉग की शुरुआत अक्षरा सिंह से होती है। वे सोकर उठती हैं। अपनी मां को बताती हैं कि उन्हें एक सपना आया। सपने में बुआ आई और अपने हाथ का टेस्टी हलवा बनाती दिखीं। यह सुनते ही अक्षरा की मां नीलिमा सिंह जलन महसूस करते हुए कहती हैं कि तुम्हारी बुआ को क्या हलवा बनाना आता है, वो तो मैं अच्छा बनाकर दिखाती हूं। इसके बाद अक्षरा अपनी मां के साथ मिलकर हलवा बनाती हैं। इसी दौरान वे कहती हैं, 'काश बॉलीवुड डेब्यू मांग लिया होता'। वे ख्यालों में गुम होती हैं कि उनकी मां उन्हें टोक देती हैं।

### 'चांद तलक' सॉन्ग हुआ रिलीज

अक्षरा सिंह के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे अपने गाने 'चांद तलक' को लेकर चर्चा में हैं। यह गाना हाल ही में रिलीज हुआ है। इसमें अक्षरा के साथ एक्टर विक्रांत सिंह राजपूत नजर आए हैं।



## अपनी अपकमिंग फिल्म 'योगी दा' को लेकर उत्साहित हैं साई धनशिका, फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई धनशिका अपनी अपकमिंग फिल्म 'योगी दा' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। साई फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि फिल्म 'योगी दा' में सभी स्टंट खुद किए हैं। उन्होंने बताया कि बिना किसी बॉडी डबल के एक्शन सीन पूरे किए महिलाएं चाहें तो पुरुषों जितने शानदार स्टंट कर सकती हैं। एक इवेंट में साई धनशिका ने बताया, 'मैंने पहली बार 'पेरानमाई' में एक्शन किया था और वह अनुभव आज भी मेरी मदद करता है। 'योगी दा' में हर स्टंट सीन मैंने खुद किए हैं, बिना किसी बॉडी डबल के। अगर महिलाएं मन बना लें, तो वे पुरुषों की तरह ही अच्छे स्टंट कर सकती हैं।' उन्होंने फिल्म के संदेश पर जोर देते हुए कहा, 'आज महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। समाज अक्सर सोचता है कि एक बार अगर कोई महिला शारीरिक रूप से घायल हो जाए, तो वह फिर कभी खड़ी नहीं हो सकती। लेकिन 'योगी दा' दिखाती है कि वह इससे उबर सकती है और मजबूत होकर वापस आ सकती है। हमने यह फिल्म महिलाओं के लिए, उनकी पूरी क्षमता दिखाने के लिए बनाई है।'

साई धनशिका ने फिल्म के टाइटल की रोचक कहानी भी साझा की। उन्होंने कहा कि 'योगी दा' का नाम सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' से प्रेरित है। 'मैंने 'कबाली' में रजनीकांत सर की बेटी का किरदार निभाया था, जिसका नाम 'योगी' था। इसी से 'योगी दा' की शुरुआत हुई। हमने 'कबाली' के लुक और एक्शन स्टाइल में समानताएं देखीं, इसलिए यह नाम चुना। 'कबाली' के लिए मैंने असल में अपने बाल कटवाए थे, लेकिन इस फिल्म के लिए विग का इस्तेमाल किया। 'कबाली' के बाद कई महिलाओं ने मेरे किरदार से प्रेरित होकर बाल कटवाए थे। तब मुझे एहसास हुआ कि एक फिल्म लोगों पर कितना गहरा असर डाल सकती है।' एक्ट्रेस ने अपनी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा, 'मेरी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुक्रिया। यह आप सबके बिना संभव नहीं होता। मैं मानती हूं कि ज्यादा बोलने से बेहतर है कि काम बात करे, जो मेहनत फिल्मों में दिखती है।' 'योगी दा' एक एक्शन एंटरटेनर है, जिसे गौतम कृष्णा ने लिखा और डायरेक्ट किया है।



## शाल्मली खोलगड़े का नया ट्रैक 'इम्प्रेशन' रिलीज

बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में समय के साथ प्यार, रिश्तों और महिलाओं की भूमिका को देखने का नजरिया लगातार बदल रहा है। पहले के गानों में महिलाओं को अक्सर इंतजार करती, त्याग करती और भावनाओं में डूबी हुई दिखाया जाता था, वहीं आज के कलाकार नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ सामने आ रहे हैं। इसी बदले हुए दौर की एक मजबूत झलक प्लेबैक सिंगर शाल्मली खोलगड़े के नए गाने 'इम्प्रेशन' में देखने को मिलती है। अपने इस नए गाने के जरिए शाल्मली ने एक म्यूजिकल एक्सपेरिमेंट किया है, जिसमें महिला खुद अपने रिश्ते की दिशा तय करती है। शाल्मली खोलगड़े ने अपने नए ट्रैक 'इम्प्रेशन' को लेकर कहा, ''मैं अपनी सोच और अभिव्यक्ति के साथ आगे बढ़ती हूं। यह गाना आज के दौर के रिश्तों को दर्शाता है, जहां आकर्षण दिखावे या बड़े-बड़े वादों से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संतुलन और अपने आप में सहज होने से पैदा होता है। इसी सोच को गाना आगे बढ़ाने का काम करता है।'' म्यूजिक वीडियो में शाल्मली खुद डांस करती नजर आती हैं। शाल्मली ने गाने को लेकर कहा, '''इम्प्रेशन' मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें मुझे संगीत और डांस दोनों के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला है। एक कलाकार के तौर पर यह मेरे लिए बहुत संतोषजनक अनुभव रहा।

## क्या जिया शंकर ने एल्विश यादव से कर ली सगाई?



एल्विश यादव और जिया शंकर सगाई की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में हैं। आज एल्विश यादव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें एक लड़के ने एक लड़की का हाथ पकड़ा है। लड़की ने हाथ में रिंग पहनी है। इसके कैप्शन में लिखा है 'प्यार को दूसरा मौका दिया और मुझे मेरा प्यार मिल गया।' इस स्टोरी को जिया शंकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रीशेयर किया है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों की सगाई हो चुकी है और दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। हालांकि ना तो जिया शंकर ने और ना ही एल्विश यादव ने इस तस्वीर को लेकर कुछ कहा है। जहां फैंस दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगा रहे हैं वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों जल्द ही नए शो 'इंगेज्ड: रोका या धोखा' सीजन 2 में नजर आ सकते हैं। इस वक्त इस तरह की तस्वीर शेयर करना इस शो का प्रमोशन हो सकता है।

### इन शोज में आई नजर

जिया शंकर मशहूर टीवी शो 'मेरी हानिकारक बीवी' में डॉक्टर इरा पांडे का किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। साल 2015 में वह शो 'गुमराह: एंड ऑफ इनोसेंस' में नजर आईं। इसके बाद वह 'लाल इश्क', 'काटेलाल एंड संस' जैसे शोज में नजर आईं। आखिरी बार उन्हें 'बिग बॉस ओटीटी 2' में देखा गया था।



# 'ओ रोमियो' के किरदार ने मुझे इमोशनली चैलेंज किया



**तृप्ति डिमरी ने कम समय में ऐसे किरदार चुने हैं, जो आसान नहीं थे। 'ओ रोमियो' में उनका किरदार बाहर से शांत, लेकिन भीतर से बेहद टूटा हुआ है। इसे लेकर उन्होंने खास बातचीत की...**

तृप्ति कहती हैं 'ओ रोमियो' की शुरुआत मेरे लिए एक फोन कॉल से हुई। विशाल सर का नाम सुनते ही एक्साइटेड हो गई थी, क्योंकि उनके साथ काम करने का सपना रहा है। जब कहानी सुनी तो अपने किरदार अपशा से बहुत कनेक्ट हुई। कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनका सफर आप खत्म नहीं करना चाहते 'ओ रोमियो' मेरे लिए बिल्कुल वैसी ही रही।'

### किरदार वहीं अच्छा जो चैलेंज करें, असली ग्रोथ तभी होगी

बकौल तृप्ति... 'मेरा मानना है कि जो किरदार आपको चैलेंज नहीं करता, उसमें मजा नहीं। एक एक्टर के तौर पर असली ग्रोथ वहीं से शुरू होती है। अफ्शा मेरे लिए आसान किरदार नहीं रहा। यह बहुत इंटर्नल कैरेक्टर है। उसके भीतर दर्द, गुस्सा और उदासी है, लेकिन वह सब बहर बहुत कम दिखाई देता है। इस बैलेंस को पकड़ना सबसे बड़ी चुनौती थी। अतुल मोंगिया और विशाल सर के साथ लंबे सेशन्स हुए।


### शाहिद के साथ काम करके सीखा कैसे को-एक्टर को सिक्योर फील कराते हैं...

शाहिद के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर तृप्ति कहती हैं. वह बेहद डिसिप्लिन्ड और परफेक्शनिस्ट हैं। अगर उन्हें लगता है कि सीन और बेहतर हो सकता है, तो वह तब तक करते रहते हैं। सबसे अच्छी बात है कि वह अपने को एक्टर को बहुत सिक्योर फील कराते हैं। उनके साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा। हम पहली बार रीडिंग के दौरान मिले थे। उस वक्त सबका फोकस सिर्फ स्क्रिप्ट और किरदार पर था। किसी को जज करने का सवाल ही नहीं था।' तृप्ति ने आगे 'एनिमल' पर भी कहा कि जब दर्शक किसी किरदार को इतने समय तक याद रखते हैं और दोबारा देखना चाहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात होती है।'

### हिट-फ्लॉप से ज्यादा जरूरी यह है कि एक फिल्म से मैंने बतौर एक्टर क्या-क्या सीखा...

तृप्ति ने कहा... 'मेरे लिए हिट या फ्लॉप से ज्यादा जरूरी यह है कि मैंने एक एक्टर के तौर पर क्या सीखा। हर फिल्म आपको कुछ न कुछ सिखाती है। वही सीख आगे आपके काम आती है। बाकी मैं थोड़ी रोमांटिक भी हूं और थोड़ी रियलिस्ट भी। मुझे लगता है कि मोहब्बत में भावनाओं के साथ समझदारी भी जरूरी है। परदे पर मेरे और शाहिद के बीच दर्शकों को वह जरूर दिखेगा।' वहीं शाहिद का कहना है कि...'मेरे लिए सफलता असफलता दोनों अस्थायी हैं। अगर आप सिर्फ सफलता के पीछे भागते हैं, तो जल्दी टूट भी सकते हैं। जरूरी यह है कि आप अपने काम से जुड़े रहें और ईमानदारी रखें। वही आपको लंबे समय तक टिकाए रखेगा। बाकी प्यार जिंदगी की सबसे खूबसूरत चीज है। यह समझ, धैर्य और संवेदनशीलता भी है।'

### मास और क्लास दोनों ऑडियंस को छूएगी 'ओ रोमियो'



शाहिद कहते हैं... ' विशाल भारद्वाज के साथ रिश्ता पुराना है, लेकिन मैं हर स्क्रिप्ट को बिल्कुल न्यूट्रल होकर सुनता हूं। यहां मुझे कहानी और किरदार में वह इमोशनल गहराई दिखी, जो एक एक्टर को आगे बढ़ाती है। यह फिल्म मास और क्लास, दोनों को ध्यान में रखकर कही गई है, और यही बात मुझे सबसे ज्यादा एक्साइट करती है।'

# क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर ठगी से सावधान- आईपीएस सिद्धांत जैन

### पुलिस की एडवाइजरी जारी, अधिक मुनाफे का झांसा देकर सक्रिय साइबर ठग, आमजन से सतर्क रहने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा पुलिस द्वारा क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन (आईपीएस) ने आमजन को सचेत करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप, टेलीग्राम चैनलों, फर्जी वेबसाइटों और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी स्वयं को क्रिप्टो एक्सपर्ट, निवेश सलाहकार या किसी प्रतिष्ठित कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से संपर्क करते हैं। शुरुआत में कम राशि निवेश करवाकर कृत्रिम रूप से मुनाफा दिखाया जाता है, जिससे पीड़ित का विश्वास जीत लिया जाता है। इसके बाद अधिक धनराशि निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता है और फिर ठग संपर्क तोड़ लेते हैं या टैक्स, प्रोसेसिंग चार्ज या वॉलेट अपग्रेड के नाम पर लगातार पैसों की मांग करते रहते हैं।

**आमजन के लिए जारी सावधानियां**

फतेहाबाद पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए निम्न सावधानियां बरतने को कहा है–

- बिना पूरी जानकारी और वैधानिक पुष्टि के किसी भी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म में निवेश न करें।
- सोशल मीडिया या अनजान नंबरों से प्राप्त निवेश संबंधी लिंक, ऐप या कॉल से दूरी बनाए रखें।
- 'गारंटीड रिटर्न ', 'रिस्क फ्री इनकम' या 'डबल पैसा' जैसे दावों से सावधान रहें।
- अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, यूपीआई पिन या क्रिप्टो वॉलेट संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- केवल प्रमाणिक और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें।

यदि कोई व्यक्ति क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करे या आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधों पर फतेहाबाद पुलिस की कड़ी निगरानी है और ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन की सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें पहली से बारहवीं कक्षा तक के विभिन्न स्कूलों के 1196 बच्चों ने भाग लिया। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करना और उन्नत विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देना है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राकेश कुमार जी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है और उन्हें समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाना है। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। स्कूल के प्राचार्य अनुप कुमार जी ने अभिभावकों का आभार जताया और कहा कि वे उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे और शिक्षा के स्तर को नए आयाम तक ले जाएंगे। स्कूल के चेयरमैन शमशेर सिंह जी ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लें और अपनी प्रतिभा दिखाएं तथा समाज में एक अच्छा नागरिक बनें।

## भीषण सड़क हादसा : कोबरा बटालियन के 4 जवानों की मौत, एक गंभीर घायल

धमतरी (एजेंसी)। जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खपरी बायपास के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 201 कोबरा बटालियन के चार जवानों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जगदलपुर से जवानों को लेकर आ रही डिजायर कार खपरी बायपास के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और जवान वाहन के भीतर फंस गए। गैस कटर की मदद से काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया। घटना में दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य गंभीर घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायल जवान का उपचार जारी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## इंडिगो फ्लाइट में मिली बम की धमकी

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता से शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली है। टॉयलेट में संदिग्ध पर्चा मिलने पर यात्रियों को तुरंत उतारा गया और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई। शनिवार को कोलकाता से शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी मिलने से अफरा-तफरी मच गई। यह फ्लाइट सुबह 9:15 बजे उड़ान भरने वाली थी। बोर्डिंग के दौरान क्रू मेंबर्स को विमान के टॉयलेट में एक पर्चा मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर लागू किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया और एयरक्राफ्ट को आइसोलेशन बे में ले जाकर जांच शुरू कर दी गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर के मुताबिक, बम की सूचना पर्चे के जरिए मिली। यात्रियों को तुरंत विमान से उतारा गया। विमान को आइसोलेशन बे में शिफ्ट किया गया। सुरक्षा एजेंसियां पूरी जांच में जुटी हैं।

## एयरपोर्ट से 1.64 करोड़ का गांजा बरामद

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कस्टम विभाग को सफलता मिली है। कस्टम अमृतसर की टीम ने स्पॉट प्रोफाइलिंग और बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक यात्री के सामान से 1 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह यात्री बैंकॉक से फ्लाइट नंबर एसएल-214 के माध्यम से श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ, जिसके बाद सामान की गहन जांच की गई। जांच में बैग के अंदर छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। कस्टम अधिकारियों ने तुरंत आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि नशे की तस्करी के खिलाफ लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी कीमत पर ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## कार में मिली लड़के और लड़की की लाश, इलाके में मची अफरा-तफरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली के करीब नोएडा के सेक्टर-39 क्षेत्र में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक खड़ी कार के अंदर युवक और युवती के शव बरामद हुए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कार के भीतर का दृश्य बेहद विचलित करने वाला था। दोनों के शरीर पर गोली लगने के निशान मिले हैं और वाहन के अंदर खून फैला हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया मामला गोलीबारी का प्रतीत हो रहा है। जांच के दौरान पुलिस को कार से एक पिस्तौल भी बरामद हुई है। हथियार को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि गोली किसने चलाई और कितनी गोलियां दागी गईं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण और समय की पुष्टि हो सकेगी। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृत युवक और युवती की पहचान दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके के निवासियों के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक ने पहले युवती को गोली मारी और बाद में खुद को गोली मार ली। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल प्रारंभिक अनुमान है और जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। मामले की गंभीरता को देखकर हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और पारिवारिक पृष्ठभूमि की भी जांच की जा रही है। इस घटना ने स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया है और इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की गहन जांच के बाद ही इस रहस्यमयी घटना की सच्चाई सामने आ सकेगी।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रग तस्कर की 1.5 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर की संपत्ति कुर्क कर ली है। पुलिस के मुताबिक कुलगाम जिले में अटैच की गई प्रॉपर्टी की कुल कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि मणिगाम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा अटैच किया है। यह संपत्ति मोहम्मद अशरफ खांडे की है, जो निपोरा, कुलगाम का रहने वाला है और काजीगुंड में आता है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि यह संपत्ति ड्रग तस्करी से कमाई गई धनराशि से बनाई गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अशरफ खांडे के खिलाफ संबंधित पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। यह अटैचमेंट कुलगाम पुलिस की ड्रग तस्करों के वित्तीय नेटवर्क को खत्म करने और यह स्पष्ट संदेश देने की लगातार और रणनीतिक कोशिशों का हिस्सा है कि अपराध का अंजाम क्या होता है। एसएसपी कुलगाम ने बताया कि कुलगाम पुलिस ने ड्रग ट्रैफिकिंग और नारकोटिक्स से जुड़ी गतिविधियों के खिलाफ ज़ीरो-टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति जो ड्रग पेडलिंग, फाइनेंसिंग, अपराधियों को पनाह देने या नारकोटिक्स ट्रेड के लिए सपोर्ट नेटवर्क बनाने में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें प्रॉपर्टी अटैच करना, वित्तीय जांच करना और कानून के कड़े नियमों के तहत मुकदमा चलाना भी शामिल है। एसएसपी ने कहा कि ड्रग तस्करों की गैर-कानूनी धनराशि की पहचान की जाएगी, उन्हें जब्त किया जाएगा और खत्म किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी की असम यात्रा: सीएम सरमा बोले- विकास और कनेक्टिविटी की नई शुरुआत



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपनी असम यात्रा के दौरान राज्य को विकास की कई बड़ी सौगातें देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि असम उन ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जो कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और विकास की गति को और तेज करेंगे।

प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत डिब्रूगढ़ के मोरान बाईपास से होगी, जहां वे नवनिर्मित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का जायजा लेंगे। पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की यह पहली सुविधा भारतीय वायुसेना के समन्वय से तैयार की गई है। इस रनवे को विशेष रूप से आपातकालीन स्थिति में सैन्य और नागरिक विमानों के संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। यह न केवल रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित बचाव और राहत कार्यों में भी मील का पत्थर साबित होगी। यह रनवे 40 टन तक के लड़ाकू विमानों और भारी परिवहन विमानों का भार सहने में सक्षम है। यात्रा के अगले चरण में प्रधानमंत्री गुवाहाटी पहुंचेंगे, जहां वे ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन करेंगे। लगभग 3,030 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पुल क्षेत्र में यातायात और व्यापार को सुगम बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री गुवाहाटी के लचित घाट पर आयोजित एक भव्य समारोह में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य असम में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक नई औद्योगिक और तकनीकी क्रांति की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के इन कदमों से न केवल पर्यटन को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## अखिलेश का योगी पर हमला, शंकराचार्य के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल शाब्दिक हिंसा और पाप



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल शाब्दिक हिंसा और पाप है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा कि किसी भी व्यक्ति की वाणी की गरिमा बनाए रखना चाहिए, और शंकराचार्य पर अभद्र टिप्पणी करना गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि चापलूसी करने वालों को भी पाप लगेगा।

अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी के बयान का आलोचनात्मक विश्लेषण करते हुए कहा कि जो लोग महाकुंभ में हुई मौतों के वास्तविक आंकड़े नहीं बताते, मुआवजा में भ्रष्टाचार करते हैं और मुकदमे हटा लेते हैं, उनके पास किसी अन्य के धर्म या पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है, और यह अहंकार समाज में मान-सम्मान खोने का कारण बनता है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा नफरत की राजनीति की है और धर्म के मामलों में भी लोगों का अपमान किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि विवादित फिल्म को बिना नाम बदले ही कर मुक्त किया जा सकता है। अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि अगले चुनाव में जनता अपने अपमान का जवाब वोट के जरिए देगी।

दरअसल मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में कहा था कि हर कोई शंकराचार्य की उपाधि का उपयोग नहीं कर सकता और सभी कार्यक्रमों में धार्मिक मर्यादा और कानून का पालन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी को अपने नाम के आगे शंकराचार्य नहीं लिखने का अधिकार है और माहौल खराब नहीं किया जा सकता। इस विवाद ने उत्तर प्रदेश में धार्मिक और राजनीतिक संवेदनाओं को छू लिया है। अखिलेश यादव के अनुसार, शंकराचार्य पर दिया गया अभद्र बयान सदन में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है और इस निंदनीय माना जाना चाहिए।


प्रयागराज में माघ मेले के दौरान जिला प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच हुए विवाद के लगभग एक महीने बाद, मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर कोई शंकराचार्य उपाधि का इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सभी आयोजनों में धार्मिक मर्यादा और कानून का पालन होना चाहिए। योगी ने कहा, हर कोई अपने नाम के आगे शंकराचार्य नहीं लिख सकता। हर कोई किसी पीठ का आचार्य होने का दावा नहीं कर सकता और माहौल खराब नहीं कर सकता। सभी को कुछ हद में रहना पड़ता है।

## 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय... कहीं तेज गर्मी, कही बर्फबारी के आसार

नई दिल्ली( एजेंसी ) । देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हैं । इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं । वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार हो चुका है । मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है । रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है । उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री के पार हो चुका है । बांदा में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और प्रयागराज में 30.4 डिग्री दर्ज हुआ । वहीं छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है । पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया । उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में कड़ाके की ठंड का असर साफ दिख रहा है । प्रदेश के सात शहरों का न्यूनतम तापमान -10 डिग्री से नीचे है । मुनस्यारी में सबसे कम पारा -26 डिग्री , गंगोत्री में -21 डिग्री और बद्रीनाथ में -19 डिग्री दर्ज किया गया । झारखंड में पिछले 24 घंटों में चार जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड किया गया । इसमें डाल्टेनगंज, खूंटी, लोहरदगा और गुमला शामिल है । जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अभी हल्की बर्फबारी का दौर चल रहा है । कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जमी है, इसके कारण यह अभी भी बंद है । 15 फरवरी को हिमाचल प्रदेश में कुछ जगहों पर घना कोहरा । अरुणाचल प्रदेश में कुछ जगहों पर आंधी-तूफान के साथ बारिश की आशंका । 16 फरवरी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बारिश-बर्फबारी की संभावना जाहिर की गई ।

## एआई के वैश्विक परिदृश्य में भारत एक अहम भूमिका निभाने को तैयार

**-इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 दिल्ली में**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के वैश्विक परिदृश्य में भारत एक अहम भूमिका निभाने की तैयारी में है। नई दिल्ली में 19 और 20 फरवरी को आयोजित होने जा रहा इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मंच होगा, जहां सरकारों, बड़ी टेक कंपनियों, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और निवेशकों की भागीदारी रहेगी। सम्मेलन का उद्देश्य एआई के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर ठोस और व्यावहारिक चर्चा करना है।

यह समिट 'पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस' के सिद्धांत पर आधारित है। इसके तहत एआई के विकास को मानव गरिमा और समावेशन से जोड़ते हुए पर्यावरणीय संतुलन तथा साझा वैश्विक प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। सम्मेलन में एथिकल एआई, नीतिगत ढांचा, निवेश के अवसर, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस एआई एक्शन सम्मिट के दौरान भारत में इस समिट के आयोजन की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि यह ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला पहला बड़ा एआई शिखर सम्मेलन होगा, जो विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंच पर मजबूती देगा।

भारत में इसके आयोजन के पीछे देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल क्षमता और एआई क्षेत्र में उभरती ताकत प्रमुख कारण हैं। डिजिटल इंडिया और इंडिया एआई मिशन जैसी पहलों ने एआई अनुसंधान, स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल अवसंरचना को मजबूत किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और शासन जैसे क्षेत्रों में व्यापक बदलाव ला सकता है। हालांकि, रोजगार में बदलाव, एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह और ऊर्जा खपत जैसी चुनौतियां भी सामने हैं। ऐसे में यह समिट अवसरों और जोखिमों के बीच संतुलन बनाते हुए मापनीय और ठोस परिणामों पर केंद्रित रहेगा। भारत इस आयोजन के माध्यम से स्वयं को एक जिम्मेदार, समावेशी और वैश्विक एआई हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में

## शिवराज का राहुल गांधी पर आरोप, कब तक किसानों को गुमराह करने का काम करेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बार-बार झूठ बोलकर किसानों को गुमराह करने में जुटे हैं और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं। कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता किसानों, मछुआरों, कारीगरों, स्टार्टअप्स और लघु एवं मध्यम उद्यमों के अधिकारों की रक्षा करता है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौते में देश के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। हमारे लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप्स, किसानों, कारीगरों और मछुआरों के अधिकारों की रक्षा की गई है।

कृषि मंत्री ने दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का बचाव कर कहा कि विनियमित लागत और सीमित मात्रा के कारण आयात प्रक्रियाएं किसानों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सेब की बात कर रहे हैं। हम 55 लाख मीट्रिक टन सेब आयात करते हैं, और किस आधार पर? न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये प्रति किलो है, और 25 रुपये प्रति किलो अतिरिक्त शुल्क लगता है, यानी लैंडिंग लागत 105 रुपये है। तब इससे किसानों को कैसे नुकसान हो रहा है?

वहीं कृषि मंत्री शिवराज ने कहा कि अखरोट के मामले में भी लगातार गुमराह करने के प्रयास हो रहे हैं। भारत पहले से ही 60,000 मीट्रिक टन अखरोट आयात करता है। केवल 13,000 मीट्रिक टन का सीमित कोटा ही आवंटित किया है।

उन्होंने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार कर यह दावा कि कांग्रेस सरकार के दौरान आयात के दरवाजे पूरी तरह बंद कर दिए गए थे, गलत है। कांग्रेस शासनकाल में भी 20 अरब डॉलर मूल्य की कृषि उपज आयात की जाती थी। डेयरी उत्पाद भी आयात किए जाते थे। देश को जिस चीज की जरूरत होती है, वह आयात की जाती है।

## देश में गड्ढों में गिरकर 5 साल में हुई 9 हजार 438 लोगों की मौत... इस मामले यूपी टॉप पर

**-मध्यप्रदेश का दूसरा नंबर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गड्ढों में गिरकर लोग दम तोड़ते रहे और देश भर में सरकारें तमाशबीन बनकर सब देखती रहीं। बीते 5 साल के आंकड़े देखकर कुछ ऐसा लगता है। पांच सालों में देश के 9 हजार 438 लोगों की जान गडढ़ों में गिरने से चली गई।

इन 5 सालों में लापरवाही के मामले उत्तर प्रदेश (यूपी) टॉप पर है। आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि उत्तर प्रदेश में गड्ढों के कारण मरने वालों की संख्या पूरे देश के कुल आंकड़े में आधे से अधिक है। यूपी में इन 5 सालों के अंदर 5 हजार 127 लोगों की मौत हुई है। सरकारी आंकड़े में हैरान करने वाला फैक्ट भी सामने आया है, जिसके मुताबिक बिहार, गोवा, चंडीगढ़ और आंध्र प्रदेश में इन 5 सालों में गड्ढे से गिरने के कारण एक भी शख्स की जान नहीं गई है।

**मृतकों की संख्या में 53 फीसदी उछाल**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्रालय की ओर से लोकसभा में बताया गया है कि 2020 की तुलना में साल 2024 में गड्ढों में गिरकर मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। साल 2020 में जहां 1,555 लोगों की मौत गड्ढों में गिरकर हुई थी। वहीं साल 2024 में यह संख्या बढ़कर 2,385 हो गई। आंकड़ों के हिसाब से इस तरह के मामलों में 53 फीसदी का उछाल रिकॉर्ड किया गया। इस सूची में यूपी शीर्ष पर है और दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश का नाम है। मध्यप्रदेश के अंदर इन 5 सालों में 969 लोगों की मौत हुई। इसके बाद 612 नंबरों के साथ तमिलनाडु तीसरे नंबर। वहीं 425 के साथ ओडिशा चौथे नंबर पर रहा। पंजाब में गड्ढों में गिरकर 414 तो असम में 395 लोगों की मौत हुई।

देश की राजधानी दिल्ली में गड्ढे में गिरकर युवक की मौत के कारण पूरे देश में चर्चा का विषय बनी। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले 5 सालों में दिल्ली के अंदर इस तरह से मौत के 50 मामले ही दर्ज हुए हैं। आंकड़ों के हिसाब से उत्तर पूर्वी राज्यों ने सूची में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। मणिपुर, नगालैंड और त्रिपुरा में गड्ढों में गिरकर हुई मौत का एक भी केस दर्ज नहीं किया गया है। आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भी गड्ढों में गिरकर एक भी मौत का केस नहीं आया है। हालांकि, एक भी मौत न होने के मामले में बिहार का नाम चौंकाने वाला है, जहां बेहद लंबा रोड नेटवर्क है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने जो आंकड़े पेश किए हैं, उसके मुताबिक साल 2027 की तुलना में गड्ढों में गिरकर हुई मौतों के मामले में कमी आई है। तब एक साल के अंदर 3,597 लोगों की मौत हुई थी।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com